हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025



# प्रीमियम वाईन शॉप का विरोध, चार घंटे तक चला प्रदर्शन, चक्काजाम और नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहरा बायपास चौक के समीप खुले प्रीमियम वाईन शॉप के विरोध में स्थानीय निवासियों द्वारा लगभग चार घंटे तक विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम किया गया। इस प्रीमियम वाईन शॉप खुलने का विरोध करते बीते 23 तारीख को आसपास क्षेत्र के निवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से आंदोलन की चेतावनी दी थी। आज दोपहर लगभग 12 बजे वार्ड की महिलाएं और पुरूष प्रीमियम वाइन शॉप पहुंच गए और यहां दुकान परिसर में ही विरोध करने लगे।

इसके बाद यहां दुकान मालिक और स्थानीय लोगों में जमकर बहस हुई। इसके बाद वार्ड के लोग मोहरा बायपास चौक पर बैठकर राजनांदगांव-बालोद मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। इधर चक्काजाम की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची और चक्काजाम हटाने काफी समझाई दी, लेकिन वार्डवासी डटे रहे। इसके बाद आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया, लेकिन प्रीमियम शराब दुकान को तत्काल बंद करने की मांग पर वार्ड के लोग अड़े रहे।

## नंदई इलाके में दूसरी बार प्रीमियम शराब दुकान को लेकर विरोध, विभाग की हो रही किरकिरी

### अधिकारियों को बुलाने की मांग

प्रीमियम वाइन शॉप के विरोध की सूचना पर मौके पर पहुंचे आबकारी विभाग के लोगों ने तत्काल दुकान को बंद करने को लेकर अक्षमता जाहिर की। इसके बाद एक बार फिर चक्काजाम के लिए लोग सड़क पर आ गए। इसके बाद मौके पर प्रशासन के अधिकारियों को और जिला आबकारी आयुक्त को बुलाने की मांग की गई। वहीं एसडीएम के पहुंचने पर चक्काजाम हटाते हुए तत्काल प्रीमियम वाइन शॉप को बंद करने की मांग की गई, लेकिन दुकान बंद नहीं कराया जाने पर फिर से चक्काजाम कर दिया गया।



**शटर बंद होने के बाद माने:** शुक्रवार को बैठक और तत्काल प्रीमियम शराब दुकान का शटर बंद करने की सहमति के बाद आक्रोशित वार्ड के लोगों ने शाम 4 बजे चक्काजाम समाप्त किया। चक्काजाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी।

### थोड़ी दूरी पर पांच शराब दुकानें

प्रीमियम वाइन शॉप के विरोध को लेकर प्रदर्शनकारी विजयलक्ष्मी शर्मा और जयकिशन शर्मा ने कहा कि यहां पहले ही शराबियों से काफी परेशानी हो रही है। मोहरा बस्ती के समीप देशी शराब दुकान है। वहीं लखोली जाने वाले मार्ग पर अंग्रेजी शराब दुकान खुली हुई है। इसके बावजूद चौक पर बार खोल दिया गया है और अब यहां पर प्रीमियम वाइन शॉप भी खोला गया है। इतनी सारी शराब दुकान होने से यहां का माहौल खराब हो रहा है।

### अवैध निर्माण का आरोप

प्रीमियम वाइन शॉप का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि जिस जगह पर प्रीमियम वाइन शॉप खोली गई है, वह जगह बायपास की है। जिसका मुआवजा पीडब्ल्यूडी द्वारा दिया जा चुका है। इसके बावजूद यहां पर अवैध निर्माण किया गया है, जिस पर प्रीमियम वाइन शॉप खोल दी गई है।

## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**राजनांदगांव।** चार साहिबज़ादों की महान शहादत को स्मरण करते वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर कल 26 दिसंबर को एक प्रेरणादायी कार्यक्रम "सफर-ए-शहादत" का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दोपहर 3 बजे एक पैदल मार्च का आयोजन किया जाएगा, जो गुरूद्वारा साहिब से आरंभ होकर निम्न मार्ग से होते हुए गुरुद्वारा साहिब, मानव मंदिर चौक, गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक होते हुए गुरूद्वारा गुरू सिंघ सभा पहुंचेगी। पैदल मार्च के पश्चात गुरूद्वारा गुरू सिंघ सभा राजनांदगांव में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चार साहिबज़ादों के अद्वितीय साहस, त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डाला जाएगा। जिससे समाज एवं विशेषकर युवा पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त कर सके। यह आयोजन गुरू दी संगत वेलफेयर सोसाइटी एवं गुरु सिंग सभा राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उक्त जानकारी रूबी गरचा प्रवक्ता ने दी।

### माय एंगल




#### जिले में अब तक सवा 12 करोड़ रुपए का अवैध धान किया गया जब्त

# गोंदिया से आया ढाई सौ क्विंटल धान पकड़ाया, मुढ़पार में खड़े ट्रक से जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की अवैध तस्करी के खिलाफ जारी प्रशासनिक अभियान के तहत गुरुवार को भी कार्रवाई की गई। महाराष्ट्र के गोंदिया से धान ला रहे एक कोचिया पर एक्शन लेते लगभग ढाई सौ क्विंटल धान जब्त किया गया। वहीं मुढ़पार में भी धान खपाने की जुगत में लगे एक कोचिया को पकड़ा गया है। जिससे 89 कट्टा धान जब्त किया गया। ज्ञात हो कि अब तक जिले में सवा 12 करोड़ रुपए का धान पकड़ा जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि धान की अवैध तस्करी के खिलाफ इस बार जिला प्रशासन अधिक सख्त नजर आया है। ज्ञात हो कि भले ही प्रदेशभर में धान की सरकारी खरीदी 15 नवंबर से शुरू हुई, लेकिन स्थानीय स्तर पर जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर प्रशासनिक अमले ने पिछले 1 नवंबर से ही जिले की सीमाओं पर पहरेदारी शुरू कर दी थी। जिसका फायदा भी प्रशासन को मिला और खरीदी शुरू होने से पहले ही धान की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई की गई। इसका सीधा असर पड़ोसी राज्यों से आने वाले धान पर पड़ा। सूत्रों की माने तो हर साल पड़ोसी राज्यों से बड़ी मात्रा में धान जिले में खपाने के लिए आता रहा है, लेकिन इस बार प्रशासनिक कार्रवाई के चलते इसमें भारी गिरावट देखने को मिली है।





### अब तक 133 प्रकरण पर एक्शन

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी शुरू होने के बाद से ही अब तक जिले में धान के अवैध तस्करी मामले में 133 प्रकरण पर कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें 39 हजार क्विंटल धान भी जब्त किया गया है। सरकारी कीमत के अनुसार यह धान 12.15 करोड़ रुपए का होता है। इससे यह समझा जा सकता है कि हर साल धान खरीदी के दौरान कितने करोड़ रुपए का अवैध धान सोसायटियों में खपाया जाता रहा होगा।

### राईस मिल में दस्तक दे रही टीम

इधर कोचियों के बाद अब राईस मिलर्स पर भी प्रशासन ने नजर बनाकर रखी हुई है। बताया गया कि खाद्य विभाग की टीम लगातार जिलेभर में राईस मिल पर दस्तक देकर सत्यापन का काम कर रही है। इस दौरान मिल में धान अधिक या कम मिलने पर एक्शन भी लिया जा रहा है। ज्ञात हो कि हाल ही में सोमनी स्थित एक राईस मिल में पिछले साल का धान कम मिला था, जिस पर कार्रवाई भी की गई थी।

# कोठार से धान चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव के कोठार में रखे धान का तीन कट्टा चोरी होने के मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 24 दिसंबर को प्रार्थी ने चौकी चिखली में आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 दिसंबर को अपने घर से कुछ दूर कोठार में 18 कट्टा धान को भरकर रखा था, जब वह 24 दिसंबर को जाकर देखा तो उसमें से 3 कट्टा धान कीमती 5500 रुपए नहीं था, जिसे अपने गांव के ही अश्वनी और देवेंद्र पर शंका होने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते प्रकरण के आरोपी अश्वनी कुमार मंडावी 52 साल और देवेन्द्र साहू 30 साल दोनों निवासी भाठागांव ओपी चिखली को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### चोरी का धान जब्त

पुलिस के अनुसार चौकी प्रभारी चिखली के नेतृत्व में चौकी चिखली पुलिस द्वारा प्रार्थी के जाहिर किए शंका अनुसार अश्वनी कुमार मंडावी व देवेन्द्र साहू को हिरासत में लेकर चौकी चिखली लाकर बारिकी से पूछताछ करने पर 3 कट्टा धान कीमती 5500 रुपए को चोरी करना स्वीकार कर बरामद कराने पर चोरी की धान जब्त की गई।

# चार पहिया वाहनों में काला शीशा, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चार पहिया वाहनों में काला शीला लगा होने पर यातायात पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान कार्रवाई की है। यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में काला शीशा लगे 46 वाहनों पर कार्रवाई कर 92,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 24 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने सभी चार पहिया वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में काला शीशा, ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। काला शीशा लगाए जाने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने कहा है कि यातायात नियमों का पालन करें, असुविधा से बचें एवं यातायात पुलिस का सहयोग करें।

### अब तक 46 वाहनों पर कार्रवाई

एक कार पर काला शीशा (ब्लैक फिल्म) लगाए जाने पर मोटरयान अधिनियम की धारा 100 के अंतर्गत कार्रवाई करते 2,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वर्ष 2025 में अब तक यातायात पुलिस द्वारा कुल 46 चारपहिया वाहनों (कार) पर काला शीशा लगाए जाने के मामलों में कार्रवाई कर 92,000 रुपए का जुर्माना वसूला जा चुका है। यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# उत्पात मचाने पर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा व अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के आपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र में इसी अभियान के तहत उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनावेदक भुवनेश्वर चंद्रवंशी 27 साल निवासी संगीनकछार के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर धारा-170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।




## क्रिसमस पर दिखा अंचल में उत्साह, मनाया जश्न

# क्रिसमस पर सामूहिक कैरोल गीत, प्रार्थना सभा में जुटे लोग, एक-दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस के अवसर पर शहर के वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। यहां सुबह विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने सामूहिक कैरोल गीत गया और एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी। चर्च में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। ख्रीष्ट जयंती के अवसर पर चर्च को काफी खूबसूरत तरीके से सजाया गया था।

क्रिसमस पर्व को लेकर मसीह समाज में काफी उत्साह का महौल बना हुआ है। इस दौरान चर्च परिसर में प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव को मनाने विभिन्न झांकियां बनाई गई। वहीं आकर्षक क्रिसमस-ट्री सजाया गया है। प्रातः प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस प्रचार को लेकर धार्मिक संदेश कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। क्रिसमस पर्व पर चर्च पहुंची प्रगति लाल और समाज की अन्य महिलाओं ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हमारे लिए सबसे बड़ा पर्व है। प्रभु यीशु ने हमें आपसी प्रेम की शिक्षा दी है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम अपने प्रभु के गीतों को गाते हैं।



### क्रिसमस मिलन का हुआ आयोजन

ख्रीष्ट जयंती के अवसर पर देर शाम शहर के चर्च में क्रिसमस मिलन का आयोजन किया गया। आयोजन में कॉफी, टॉफी व केक का वितरण कर लोग एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रभु यीशु मसीह ने लोगों के पापों के छुटकारे के लिए कलवारी के क्रूस पर अपना बलिदान दिया था।

### कैरोल गीत में झूमे

क्रिसमस के अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा में समाज की महिला-पुरूष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं कैरोल गीत के आयोजन में भी बड़ी संख्या में युवाओं और बच्चों ने हिस्सा लिया। कैरोल गीत के दौरान उपस्थित मसीह समाज के लोग प्रभु यीशु मसीह के गीतों में मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे।

## खबर संक्षेप

### 29 क्विंटल धान और वाहन जब्त

**साल्हेवारा।** तहसीलदार मोहनलाल झारिया ने 23 दिसंबर को पोड़ी-साल्हेवारा मोड के पास वाहन क्रमांक सीजी 08 एजे 7363 को 29 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। वाहन को पकड़कर थाना के सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई के दौरान पटवारी राजेंद्र साहू, निखलेश शिवना उपस्थित थे।

### सर्व हिन्दू समाज ने किया पुतला दहन



**साल्हेवारा।** बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने बस स्टैंड में प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदूओं को निशाना बनाया जा रहा है। दीपू चंद्र दास की हत्या कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह सुनियोजित साजिश है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सभा को चमन वर्मा, सतीश वर्मा, उमेश मरकाम, दशरथ पटेल, महेंद्र यादव, विष्णु ठाकरे, शत्रुहन साहू, पवार मेरावी, राधेश्याम पटेल, रोशन वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, राजकुमार श्रीवास एवं अनिल अग्रवाल ने संबोधित किया।

### सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलेः हर्षिता



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ग्राम पंचायत महरूमखुर्द में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में सम्मिलित हुईं। विधायक ने इस अवसर पर बाबा के दिखाए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जैतखाम की पूजा-अर्चना किया। उन्होंने इस दौरान सतनामी समाज के लोगों से मुलाकात की और बाबा गुरु घासीदास जी के योगदान को याद किया। विधायक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से विकास कार्यों पर चर्चा की और मांगों की जानकारी ली।

### विस अध्यक्ष को समस्याओं से कराया अवगत



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत नारायणगढ़ के सरपंच जफर अली ने गत दिनो नारायणगढ़ सरपंच जफर अली ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर नारायणगढ़ सहित ब्लॉक की ग्राम पंचायतों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने ने बताया कि फंड की कमी के कारण योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है जिससे लोगों में जमकर आक्रोश है। केन्द्र सरकार से मिलने वाले 15 वे वित्त की राशि नहीं मिलने से भी विकास कार्य बाधित हो गए है। उन्होंने ग्राम में आगामी दिनों में होने वाली मंडई के सांस्कृतिक आयोजन के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए ज्ञापन सौंपते हुए सहयोग की मांग की। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे ने मुलाकात कराने में विशेष सहयोग दिया।

### रासेयो शिविर का शुभारंभ



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत छीपा में रासेयो ने सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया है। शिविर का विषय शा मुक्त समाज युवा है। शिविर का शुभारंभ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। विधायक बघेल ने छात्र जीवन और रासेयो के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में निःस्वार्थ सेवा, त्याग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना होना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों से कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का आव्हान किया।

### 50 को दिया भवन अनुज्ञा पत्र



**घुमका।** सुशासन सप्ताह के समापन पर नगर पंचायत ने 50 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। गत गुरुवार को सुशासन सप्ताह के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व जनपद सदस्य शांतिबाई निर्मलकर, दिलीप पटेल, पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा, राजेश वर्मा, कृषक सेवा सहकारी समिति के प्राधिकारी अधिकारी नोहेंद्र सिन्हा, पीयूष दुबे, जयकुमार वर्मा,नगीना निर्मलकार, जीवेन्द्र दुबे, नूनकरण, गंगेश्वर वर्मा, डिलेश्वर वर्मा मौजूद थे। इस मौके पर सीएमओ ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास ने प्रधानमंत्री आवास योजना लोक कल्याणकारी बताते हुए कहा कि नगर में 38 लोगों को पहले ही अनुज्ञा पत्र दिया जा चुका था। जिसमें से 23 लोगों को प्रथम किस्त मिल गई। अब 50 हितग्राहियों को अनुज्ञा पत्र दिया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व जनपद सदस्य दिलीप पटेल ने भी संबोधित किया।

### शिविर में समस्याओं का समाधान



**पटेवा।** ग्राम पंचायत सलोनी के रानी रश्मिदेवी खेल मैदान में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 23 ग्राम पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में विभिन्न पंचायत से प्राप्त 91 आवेदनों में से 54 का मौके पर समाधान कर दिया गया।इस दौरान विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में जिलाधीश इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सीईओ जिला पंचायत, विभिन्न पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जिलाधीश श्री चन्दवाल ने स्टॉलों का निरीक्षण कर आवेदन के निराकरण का निर्देश दिया। शिविर में पंचायत विभाग ने 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपा। स्वास्थ्य विभाग ने 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग ने 15 को मसूर एवं सरसों का किट प्रदान किया।अंत में सरपंच सौरभ साहू ने आभार व्यक्त किया। संचालन जोगेश्वर धनकर ने किया।

### निधन

**लोचनप्रसाद मृगे**

**साल्हेवारा।** शिक्षा विभाग में कार्यरत अनिरुद्ध मृगे के पिता लोचन प्रसाद मृगे का गत दिनों निधन हो गया है। वह स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला के पूर्व प्राचार्य थे। उनका अंतिम संस्कार 24 दिसम्बर को मुक्तिधाम में किया गया।

## भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के योगदानों को सभी ने किया पुण्य स्मरण

# निकायों में हुआ अटल परिसर का लोकार्पण








हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वर्चुअल माध्यम से नवनिर्मित अटल परिसर का अनावरण किया गया। शासकीय अस्पताल के सम्मुख स्थित इस परिसर के उद्घाटन समारोह ने पूरे क्षेत्र को गौरवमयी कर दिया।

दोपहर एक बजे मंचीय कार्यक्रम के साथ समारोह का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस मौके पर भाजपा गंडई मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि आज का दिन समूचे प्रदेश के लिए विशेष है, क्योंकि एक साथ 114 निकायों में अटल परिसर का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। उन्होंने अटल जी को अजातशत्रु बताते हुए कहा कि वह राजनीति के ऐसे ध्रुवतारे थे जिनका विपक्ष भी सम्मान करता था। वह पक्ष विपक्ष की विचारधारा को साथ लेकर चलते थे। जिला भाजपा कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि देश में सड़कों का जो जाल बिछा है और गांव- गांव मुख्यधारा से जुड़े हैं, वह अटल जी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उनकी नीतियों के कारण ही भारत आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि अटल जी किसी एक दल की परिधि तक सीमित नहीं थे, बल्कि वह राष्ट्र के सर्वमान्य नेता थे। उनके आदर्शों ने देश को विकास की सतत राह दिखाई है।

### अर्पित किया श्रद्धासुमन

इस अवसर पर नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने अटल जी के जीवन मूल्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में राकेश ताम्रकार, टेकन देवांगन, राजेश मेहता, राकेश जायसवाल, मंगलचंद जैन, राजू जंघेल, राकेश टंडन, भानु साहू, लेखराम साहू, कमलेश जंघेल, रामा साहू, यतीश कुंजाम, उमा चौबे, अंजली देवांगन, आशा कुर्रे, दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, क्रांति, सोनल ताम्रकार, बालक दास डहरिया, लियाकत अली, उदय देवांगन, राकेश निषाद, अमन सोनी, अशोक पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### भारत रत्न अटल जी को किया नमन

**तुमडीबोड।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती अटल चौक में पूजा अर्चना कर मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, जनपद सदस्य जया तिमेश साहू, निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, सरपंच भुनेश्वरी साहू, भूपेंद्र सोनवानी, सचिव येवेन्द्र साहू, पितांबर साहू, जयराम साहू, धरम ठाकुर, दिलीप श्रीवास्तव, कन्हैया लहरे, नीलकंठ साहू, नूतन साहू, गीता साहू, निर्मला बंधे, रविना साहू, डॉ विद्याविलास श्रीवास्तव, टीकम पटेल, अर्जुनराम साहू, नीलू साहू, दुकालदास साहू, प्रभात साहू, हेमंत पटेल, गणेश बंजारे, लेखराम भारती, सोमन गंधर्व, ओमप्रकाश भट्टाचार्य शामिल हुए।

**सड़क अतरिया।** अंचल में गुरूवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का जन्मदिन श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। पंचायत भवन, भाजपा सदन आदि जगहों पर याद कर नमन किया गया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पण किया गया। घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल के आतिथ्य में अटल चबूतरा पर अटल बिहारी की पूजा अर्चना कर नमन किया गया। श्री जंघेल ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल के विचार, सिद्धांत और आदर्श अटल है। कार्यक्रम में रोहित जंघेल, नेतराम जंघेल, युवराज ठाकुर, अनुज जंघेल, ऐमन जंघेल, अशोक जंघेल, रामावतार सहित अन्य शामिल हुए।

### बाजपेयी ने दी विकास को नई दिशा



**छुईखदान।** जयंती के मौके पर नगर में नवनिर्मित अटल परिसर के लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, कृतित्व और उनके योगदान को स्मरण किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि श्री वाजपेयी ऐसे महा पुरुष थे, जिन्होंने देश के हर वर्ग के लिए कार्य किया। गरीबों के लिए आवास योजना से लेकर सड़क जैसे बुनियादी जरूरत के विकास में योगदान दिया। लोकार्पण कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज किशोर दास, जिला इंका अध्यक्ष कोमल साहू, प्रेम नारायण, अरविंद शर्मा, आनंद सिन्हा, ज्ञान यादव, राजलक्ष्मी पंसारी, विक्रांत चंद्राकर, किरण गुप्ता, नवनीत जैन, पन्ना मंडावी, रोशन चंद्राकर, दाऊराम कुंभकार, धनीराम पाल, प्रकाश महोबिया, अनुभा जैन, पंचम साहू, घनाराम देवांगन, संदीप महोबिया, अशोक चंद्राकर, बलराम जंघेल, सज्जाक खान, संजय शर्मा, दीपक देशमुख, संदीप महोबिया सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में सीएमओ सुनीता जैन, प्रशांत चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, मोहन सार्वा, बीना वैष्णव, मुकेश वैष्णव, भूपेंद्र चौबे तथा प्रत्यूष महोबिया की भी सहभागिता रही। हालांकि कार्यक्रम में कुछ जनप्रतिनिधि और नेताओ की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही।

# संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बैठक में रखा 6 सूत्रीय एजेंडा



■ कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभागार में राज्य स्तरीय विभागाध्यक्ष संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अभियंता ने की। बैठक में विभिन्न संघों के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व योगेश चौरे ने किया।

संघ ने बैठक में छह सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा के दौरान प्रमुख अभियंता ने बताया कि विभाग में अभी कार्यभारित भर्ती नियम नहीं हैं, किंतु भर्ती नियम बनाने की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। बैठक में श्रम सम्मान राशि एवं ईपीएफ कटौती पर भी चर्चा हुई। प्रमुख अभियंता ने बताया कि ईपीएफ कटौती पर शासन से मार्गदर्शी निर्देश मांगे गए हैं तथा श्रम सम्मान राशि सुविधा अनुसार जारी की जाएगी।

### अवर सचिव से मुलाकात

बैठक के उपरांत छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने योगेश चौरे के नेतृत्व में अवर सचिव अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग से लगभग एक घंटे तक चर्चा की। चर्चा का मुख्य विषय 13 अक्टुबर 2025 को विधि विभाग को दिए गए ज्ञापन था।

# विपक्ष के हमलों का दें जवाब : वर्मा

## भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



जिला भाजपा के निर्देश पर छिरपानी परिसर में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में भाजपा के संगठनात्मक कार्यों, आगामी कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गई।

कार्यशाला में विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग, न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर किए जा रहे प्रहार का जवाब देने तथा जनता तक सच्चाई पहुंचाने कहा गया। एसआईआर जैसे गंभीर विषयों पर भी विपक्ष का नाकाम प्रर्दशन और वोट को ध्रुवीकरण करते हुए देश में घुसपैठियों को संरक्षण दे रही कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियों का चेहरा सामने लाने कहा गया। कार्यक्रम प्रभारी विनोद खांडेकर द्वारा स्वागत उदबोधन में कार्यकर्ताओं के समक्ष अपनी बात रखी। तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। जिला संगठन प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं से आगे आकर संगठन के करने और कार्यक्रमो को बूथ स्तर तक ले जाने के निर्देश दिए।

अंत में आभार ज्ञापन जैन कुमार मेश्राम, संचालन मनीष सोनी ने किया। कार्यशाला में सुरेंद् सिंह बनोआना, रमन डोंगरे, जसमीतसिंह बनोआना, विजेंद्र ठाकुर, प्रदीप बाघ, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, हरविंदर सिंह मंगे, सुनील जैन चीकू, प्रकाश चौरडिया, रामकृष्ण कनौजिया, अमित जैन, रिंकू बंसल, पप्पू नामदेव, तुलसी मिश्रा, सत्यप्रकाश मिश्रा, अनिल कुमार, रवि यादव, प्रिंस कक्कड़, रामनरेश, रामकुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### लोक कला महोत्सव 27 से

**पटेवा।** इरईकला स्थित अर्धनारीश्वर महादेव धाम में आगामी 27 से 29 दिसम्बर तक छत्तीसगढ लोक महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजक समिति कार्यक्रम की अंतिम तैयारी में जुटी है। आयोजन के पहले दिन 27 दिसंबर को इरईकला, रायपुर, राजनांदगांव, रानीसागर, चीचा, पटपर, 28 दिसंबर को इरईकला, तुड़वाने, पूजा मानस परिवार चिपको, सुर-सुरभि मंडली पंडवाणी छुरा, जय बजरंग रामधनी मंडली धामनसरा, कवि सम्मेलन, रंग बसंत रिकार्डिंग डांस ग्रुप एवं हास्य कमेटी भोलाराम एवं साथी सुरगी एवं 29 दिसम्बर को राऊत एवं झांकी जय कृष्ण मंडली खजरी की प्रस्तुति होगी।

# पंथी नृत्य में सिकोला, उमरपोटी दल विजेता

**पटेवा।** केकराजबोड़ में सतनाम सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में गुरु घांसीदास की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह, विशिष्ट अतिथि यशवंत साहू, पंथी गायक राधेश्याम बारले, प्राची उपाध्याय, सरपंच सौरभ साहू, पुराणिक वर्मा, जोगेश्वर धनकर, भैयालाल चंदेल, नीरज बारले, दशरथ बघेल थे।

जयंती के मौके पर ग्राम में पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा के पुरुष वर्ग में प्रथम रंग झांझर पंथी नृत्य दल सिकोला, द्वितीय सतनाम गंगा पंथी नृत्य दल मासूल, तृतीय सत के दरबार पंथी नृत्य दल टेकापार, चतुर्थ लोकधारा नवयुवक पंथी नृत्य दल अहिवारा, पंचम स्थान गुरु अमरदास सागर पंथी नृत्य दल तेंदूभाठा ने हासिल किया।

विजेता दलों को क्रमशः 15001, 10001, 7001, 5001, 4001 रूपए एवं प्रतीक चिन्ह दिया गया। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम स्थान सफरा माता बालिका पंथी नृत्य दल उमरपोटी, द्वितीय बालिका पंथी नृत्य दल डुमरडीहखुर्द, तृतीय सत के पुजारी बालिका पंथी नृत्य दल बिडौरी, चतुर्थ जय सतनाम मधु बालिका पंथी नृत्य दल पांडेटोला, पंचम स्थान गुरु अमरदास बालिका पंथी नृत्य दल खुर्सीपार रही। जिन्हे क्रमशः 7001, 5001, 4001, 3001 एवं 2001 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। संचालन राजा भारती ने किया।

## कड़े मुकाबले में बैंगलुरु की टीम ने जीता खिताब

# सांसद के प्रयास से फुटबाल को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

फुटबाल के प्रति नगरवासियों की दीवानगी को सांसद संतोष पांडे ने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से संजीवनी देने का सार्थक प्रयास किया। इस आयोजन का अंतिम मैच बुधवार को एमईजी बैंगलुरू और एसटीएफ जम्मू कश्मीर के बीच खेला गया। अंतिम दिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव, विधायक अनुज शर्मा सहित हजारों लोग फायनल मैच के साक्षी बने जिसमें एमईजी बैंगलुरू की टीम ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। उल्लेखनीय है कि सीमित संसाधनों के बीच शहर में जेंटस क्लब के माध्यम से दशकों तक फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित होते रही है।

जेंटस क्लब के मैदान में बैठने तक की सुविधा नहीं होने के बाद मैच को देखने लोग उमड़ते रहे हैं। फायनल मुकाबले के दिन स्थिति यह रहती थी कि लोग आसपास के भवनों की छत पर चढ़कर मैच का आनंद लेते थे। एक लंबे अंतराल बाद शहर में सांसद खेल महोत्सव के नाम से फुटबाल स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में विभिन्न राज्यों की टीमों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों को रोमांचित किया।



**बेहद कड़ा मुकाबला**

स्पर्धा का अंतिम मैच बुधवार को एमईजी बैंगलुरू और एसटीएफसी जम्मू एंड कश्मीर की टीम के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में एक गोल कर बैंगलुरू की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। विजेता टीम को 71 हजार नगद एवं विनर ट्राफी दिया गया।

### समवेत प्रयास से सफल आयोजन

जानकारी के अनुसार सांसद खेल महोत्सव के तहत नगर में फुटबाल स्पर्धा के आयोजन के लिए प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति के नवनियुक्त सदस्य सागर वर्मा, इरफान कुरैशी, आशु गुप्ता, नवनीत अहीर और पूरी टीम सतत प्रयास रत थी। लोगों की भावनाओं को देखते हुए सांसद संतोष पांडे ने न सिर्फ अपनी सहमति बल्कि पूरे आयोजन के दौरान अपनी सक्रिय मौजूदगी से जान फूंककर सफलता के मुकाम तक पहुंचाया। फायनल मैच के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक अनुज शर्मा, जिला भाजपा प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, दिनेश गांधी, डॉ. निरेन्द्र साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सौरभ कोठारी, डिकेश साहू, दिलीप साहू, अंजू त्रिपाठी, विनोद खांडेकर, हरविंदर मंगे, रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल, श्रेणिक बोथरा, हेमंत चोपड़ा, सतीश पांडे, विजय जैन, दिव्यांश जैन आदि मौजूद थे।



### अहंकार बनता है नाश का कारण

**उरईडबरी।** ग्राम में आयोजित श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस श्रद्धा, भक्ति और आनंद का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर गोवर्धन लीला, रुख्मणी विवाह एवं महारास के प्रसंगों का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि अहंकार श्रीकृष्ण के समक्ष टिक नहीं पाता। इंद्र के गर्व को चूर करते हुए गोवर्धन पर्वत धारण कर भगवान ने यह संदेश दिया कि जो शरण में आता है, उसकी रक्षा भगवान करते हैं। उन्होंने रुख्मणी के निष्कलंक प्रेम, अटूट श्रद्धा और श्रीकृष्ण की करुणा का भी चित्रण किया। उन्होंने बताया कि सच्चा प्रेम और भक्ति प्रभु से मिलन का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन एवं जयघोष से आयोजन स्थल भक्तिमय हो गया था।

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने निभाई सक्रिय भूमिका

**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई की राष्ट्रीय सेवा योजना



इकाई के स्वयंसेवकों ने नगर में आयोजित पल्स पोलियो अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। 21 दिसंबर को आयोजित इस अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने मितानिनों के साथ मिलकर घर-घर और निर्धारित बूथों पर पहुंचकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया कि पोलियो मुक्त भविष्य के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। महाविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन में हुए इस कार्य में स्वयंसेवकों का अनुशासन और सेवा भाव सराहनीय रहा। इस दौरान एनएसएस इकाई ने स्वास्थ्य विभाग और मितानिनों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों के इस प्रयास को नगरवासियों ने भी सराहा।

### पोलियो अभियान में स्वयंसेवकों ने निभाई भूमिका

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में रानी रश्मि देवी सिंह कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा कोहकाबोड और साल्हेभर्री पहुंचकर इसके क्रियांवयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों ने ग्राम की मितानिन दीदी व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से मिलकर गांव में जो 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाने में मदद की और गांव के मुहल्लों में जाकर नारो के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया वही घर-घर जाकर छोटे-छोटे बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिए माता पिता व परिजनों को प्रेरित किया। अभियान में कोहकाबोड की मितानिन कीर्ति वर्मा, राजबती वर्मा और साल्हेभर्री की मितानिन कुमारी साहू, सकुन धुर्वे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या बाई के साथ रासेयो स्वयंसेवक लीना वर्मा, नितेश साहू, गौरी यदु, ट्विंकल सिंह, वर्षा वर्मा, कृष्णा वर्मा, टिकेंद्र वर्मा उपस्थित थे। रासेयो स्वयंसेवकों के इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने सभी को बधाई दी।

### वित्तीय जागरूकता व साइबर फ्राड कार्यक्रम संपन्न

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह कालेज में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में भारत सरकार की वित्तीय समायोजन योजना द्वारा स्मार्ट निवेशक वित्तीय जागरूकता व साइबर फ्राड विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता राज्य स्मार्ट प्रशिक्षक हरिशरण सिंह ने विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षकों को भी साइबर फ्राड व स्मार्ट निवेश संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी सरल उदाहरणों के माध्यम से बताया। इसके अलावा साइबर फ्राड से बचने और स्मार्ट निवेश के लाभ को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की। इस दौरान विषय को लेकर विद्यार्थियों के मन में उठे प्रश्नों का उत्तर भी उन्होंने दिया। कार्यक्रम संयोजक भबीता मंडावी ने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सतीश कुमार माहला, यशपाल जंघेल, डॉ उमेंद कुमार चंदेल, हिरेन्द्र ठाकुर, निशा दुबे, खुशबू सिन्हा, अजीत साहू, शिखा जोशी, कुलदीप राडेकर, शबाना खान, धरमपाल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन यशपाल जंघेल व आभार व्यक्त मोनिका जत्ती ने किया।

### तीन दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**खैरागढ़।** प्रतिभागियों को शतरंज की बारीक तकनीकों, रणनीतियों तथा



मानसिक एकाग्रता का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने तीन दिवसीय शीतकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पटेल भवन में हुआ। प्रदेश से मान्यता प्राप्त जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं व युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसका शुभारंभ संघ पदाधिकारियों अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उपाध्यक्ष यतेंद्रजीत सिंह छोटू, सचिव रॉकी देवांगन व कोषाध्यक्ष शेख जाहिद की उपस्थिति में हुआ। संबोधन में पदाधिकारियों ने कहा कि शतरंज न केवल बौद्धिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, धैर्य व निर्णय क्षमता को भी मजबूत बनाता है। उन्होंने ऐसे प्रशिक्षण शिविरों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। शिविर के पहले दिन प्रतिभागियों को शतरंज के मूल नियम, चालों की समझ, ओपनिंग की जानकारी व व्यावहारिक अभ्यास अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा सरल व रोचक तरीकों से दिया गया है।

### नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना, आवेदन 31 तक

**खैरागढ़।** श्रम विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 25-26 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 25 निर्धारित की गई है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार छग भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित इस योजना तहत पंजीकृत श्रमिकों के अध्ययनरत बच्चों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जा रहा हैं। योजना का लाभ उन पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगा, जिनके बच्चे विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत हैं। ऐसे पात्र श्रमिक जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे श्रमएव जयते मोबाइल ऐप, श्रम विभागीय कार्यालय, नजदीकी श्रम संसाधन केंद्र या च्वाइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मंडल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि 31 दिसंबर 25 के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। विभाग ने पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ सुनिश्चित करें।

### बाजार अतरिया में प्रशासन गांव की ओर शिविर

**खैरागढ़।** प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी नीतियों के अनुरूप सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान जारी है। शासन की योजनाओं व सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करनके उद्देश्य से जारी अभियान तहत ब्लाक के बाजार अतरिया मे सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिसके चलते उन्हें योजनाओं की जानकारी व लाभ प्राप्त करने में सुविधा हुई। शिविर में जिपं सदस्य जमुना नरेश कुर्रे, जनपद सदस्य दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता, सरपंच बिमला हरप्रसाद वर्मा, सरपंच चिंगली योगेश वर्मा, सरपंच चंदैनी गजेश वर्मा, गजेश वर्मा सहित वरिष्ठ नागरिक और विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, श्रम, राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, खाद्य, विद्युत, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, हथकरघा, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, मछली पालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गया जहाँ 69 से अधिक आवेदन मिला जिनमे 23 का मौके पर ही निराकरण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को टमाटर पौधे का वितरण, पंचायत विभाग द्वारा पीएम आवास योजना अंतर्गत 7 हितग्राहियों को आवास की चाबी दी गई। इसी क्रम में ब्लाक के ग्राम पंचायत विक्रमपुर मे भी अभियान अंतर्गत सुशासन शिविर आयोजित किया गया था जहाँ आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम लोगो से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है।

# खैरागढ़ में भाजपा की अंदरूनी खींचतान सतह पर

## नगर पालिका का कार्यक्रम बना सियासी संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारतीय जनता पार्टी में अंदरूनी गुटबाजी को लेकर चल रही चर्चाओं को नगर पालिका परिषद के हालिया कार्यक्रम ने एक बार फिर उजागर कर दिया है। अटल परिसर के लोकार्पण से जुड़े नगर पालिका कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार का नाम शामिल न होने से राजनीतिक हलकों में सवाल खड़े हो गए। खास बात यह रही कि कार्यक्रम में कुछ ऐसे लोगों को मंच पर स्थान दिया गया, जो वर्तमान में किसी संवैधानिक या निर्वाचित पद पर नहीं हैं, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद की अनुपस्थिति को राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

कांग्रेस के ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अकाशा दीप गोल्डी ने कहा कि नगर पालिका के हालिया कार्यक्रम ने यह साफ कर दिया है कि भाजपा भीतर से कई गुटों में बंटी हुई है, जहां आमंत्रण और मंच व्यवस्था में वरिष्ठ निर्वाचित पदाधिकारियों की अनदेखी कर चुनिंदा लोगों को आगे बढ़ाया जा रहा है। गोल्डी ने आगे कहा कि अटल परिसर जैसे सार्वजनिक और वैचारिक महत्व के आयोजन में भाजपा जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू का नाम समाजसेवी के रूप में शामिल किया जाना, जबकि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष का नाम तक न होना, बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और पक्षपातपूर्ण है।

### सार्वजनिक बहस का बना विषय

नगर पालिका परिषद द्वारा जारी आमंत्रण पत्र में सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चन्द्राकर सहित अन्य पदाधिकारियों के नाम दर्ज हैं लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम न होना इस आशंका को बल देता है कि पार्टी के भीतर समन्वय की कमी है या फिर स्थानीय स्तर पर शक्ति-संतुलन को लेकर अलग-अलग धड़े सक्रिय हैं। यही वजह है कि यह मामला संगठनात्मक चर्चा से निकलकर सार्वजनिक बहस का विषय बन गया।

### अनुपस्थिति को लेकर चर्चाएं तेज

इसी कड़ी में अटल परिसर के विजुअल लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री अरूण साव जैसे वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी के बावजूद जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुपस्थिति को लेकर चर्चाएं और तेज हो गईं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे सार्वजनिक कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं होते, बल्कि वे संगठन की एकजुटता और अंदरूनी संतुलन को भी दर्शाते हैं। ऐसे में खैरागढ़ में उभरा यह घटनाक्रम भाजपा के लिए स्थानीय स्तर पर समन्वय और संदेश प्रबंधन की एक अहम चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा संगठन के भीतर इसे अंदरुनी खिंचतान के रूप में देखा जा रहा है।

### कार्यक्रम के पूर्व जानकारी ली गई थी

इस पूरे मामले पर जब जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम को लेकर उनसे पूर्व में जानकारी ली गई थी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के समय वे निजी कारणों से बस्तर प्रवास पर थीं, इसी वजह से आमंत्रण पत्र में उनका नाम शामिल नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी और नगर पालिका स्तर पर उनसे कार्यक्रमों के लिए नियमित रूप से संपर्क किया जाता है। प्रियंका ताम्रकार ने गुटबाजी के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि भाजपा में किसी भी प्रकार की गुटबाजी नहीं है और सभी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मिल-जुलकर संगठन और क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

## छुईखदान-खैरागढ़, टेकापार सड़क का मामला, ग्रामीणों में आक्रोश

# सरकारी नाला पाटकर जमीन बेचने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



क्षेत्र में जमीन दलालों की मनमानी लगातार सामने आ रही है, लेकिन इस बार मामला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। छुईखदान-खैरागढ़ मुख्य सड़क किनारे स्थित एक सरकारी एवं अत्यंत प्राचीन नाले को पाटकर जमीन बेचने की तैयारी किए जाने का मामला उजागर हुआ है। बताया जा रहा है कि नाले को मिट्टी और मलबे से भर दिया गया है और अब उसे निजी भूमि बताकर बिक्री की कोशिश की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार यह नाला कोई नया नहीं, बल्कि दशकों पुराना प्राकृतिक एवं सरकारी जलमार्ग है। इसी नाले से भूलाटोला खार का पानी बहकर कातलवाही बांध तक पहुंचता है, जिससे आसपास के सैकड़ों एकड़ खेतों की सिंचाई होती है। यह नाला क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनरेखा की तरह है। बुजुर्ग ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर पुरानी पुलिया भी बनी हुई है, जो इस बात का प्रमाण है कि यह नाला शासकीय अभिलेखों में दर्ज है। बावजूद इसके, जमीन दलालों द्वारा नाले को पाटकर उसे प्लॉट के रूप में बेचने की तैयारी की जा रही है। हालात यह हैं कि खरीददार भी मौके पर आने लगे हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकारी नाले पर खुलेआम अतिक्रमण होने के बावजूद अब तक संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई? क्या यह सब प्रशासन की जानकारी में हो रहा है, या फिर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से जमीन दलालों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल नाले की राजस्व एवं तकनीकी जांच कराई जाए, पाटे गए हिस्से को तुरंत खाली कराया जाए, दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए स्थायी निगरानी व्यवस्था बनाई जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है, या फिर सरकारी नाले पर कब्जे का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

### सिंचाई व्यवस्था पर मंडराया खतरा

ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह नाला पूरी तरह बंद कर दिया गया तो बरसात के दिनों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होगी और गर्मी के मौसम में किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाएगा। इससे खेती-किसानी पर सीधा असर पड़ेगा।

## खनिज विभाग की कार्रवाई, रेत और ईंट से भरे दो ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने गुरुवार सुबह औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई के दौरान विभाग ने रेत और ईंट से लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर गंडई थाने के सुपुर्द किया है। हालांकि, इस कार्रवाई के तुरंत बाद क्षेत्र से गुजरे अवैध रेत के भारी वाहनों पर कोई कार्रवाई न होने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

खनिज निरीक्षक बबलू पांडे द्वारा की गई इस कार्रवाई में वाहनों को पकड़ा गया जिसमें रेत से भरा ट्रैक्टर जिसका क्रमांक सीजी 08 ए वी 8749 मालिक ओमकार साहू, निवासी देवपुरा था। ऐसे ही ईंट से भरा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 09 यू 3987 मालिक अजय साहू, निवासी भुरभूसी था। दोनों वाहनों के खिलाफ जब्तीनामा तैयार कर उन्हें गंडई थाने में खड़ा करवाया गया है। यह कार्रवाई सुबह लगभग 10 बजे की गई।

### अधिकारियों के जाते ही निकले अवैध हाईवा

हैरानी की बात यह रही कि जैसे ही खनिज निरीक्षक कार्रवाई पूरी कर गंडई से खैरागढ़ के लिए रवाना हुए, उसके तुरंत बाद रेत से भरे दो भारी हाइवा गंडई से होते हुए नर्मदा की ओर निकले। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी शिकायत के लिए खनिज निरीक्षक को कई बार फोन किया, लेकिन उनका नंबर लगातार व्यस्त आता रहा, जिससे अवैध परिवहन करने वालों को सुरक्षित रास्ता मिल गया।

### सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित है कार्रवाई

क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि खनिज विभाग केवल छोटे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहा है। बिना रॉयल्टी के हर दिन दर्जनों की संख्या में भारी हाइवा गंडई से होकर गुजर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इन पर हाथ डालने से बच रहा है।

## कॉलेज के छात्रों ने किया बस्तर का शैक्षणिक भ्रमण



**गंडई पंडरिया।** स्थानीय स्व. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में 38 विद्यार्थियों के दल ने बस्तर संभाग के तीरथगढ़, चित्रकोट जलप्रपात, ढोलकल गणेश और दंतेवाड़ा स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर का अवलोकन किया। विभागाध्यक्ष भागवत राम वर्मा के नेतृत्व में हुए इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक व पर्यावरणीय ज्ञान देना था। इस दौरान गावस्कर कौशिक, प्रदीप अमिला, सुश्री शिल्पी देवांगन व डॉ. तामेश्वर जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

## अजा कांग्रेस प्रभारी का छुईखदान में आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार के नगर आगमन पर कांग्रेसजनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू सहित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष महंत कोशनदास कोसरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार ने कहा कि पूरा देश अभूतपूर्व महंगाई की मार झेल रहा है। आम जनता की रोजमर्रा की जरूरतें महंगी होते जा रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस ओर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी लगातार देश की जनता के हक की लड़ाई सड़कों से संसद तक लड़ रहे हैं। कांग्रेस हमेशा गरीब, दलित, पिछड़े और शोषित वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी।



### जनसमस्याओं को उठाने का आह्वान

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने अनुसूचित जाति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक मजबूती के साथ जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। बैठक में कोमल साहू, कोसन कौसरे, सज्जाक खान, प्रकाश महोबिया, ताराचंद बंजारे, कामदेव ओगरे, भावेश गहने, अशोक महिलांगे, महंत राशिद बंजारे, मोहन भारती, केशव मिश्रा, केदार मेश्राम, मन्नू चंदेल, लेखनारायण टांडेकर, भारत महिलांगे, भारत सूर्यवंशी, नीलकंठ बंजारे, शिव, बंशी रात्रे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। बैठक का समापन संगठन को मजबूत करने एवं आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विचार विमर्श के साथ हुआ।

## अंतर्राज्यीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

# कोरबा ने नागपुर को दिया शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

अन्तर्राज्यीय ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा के तीसरे दिन ग्रुप ए के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ की एमसीए कोरबा ने महाराष्ट्र नागपुर की टाइगर क्लब को बड़ी आसानी से 52 रनों से शिकस्त देकर ग्रुप के पहले सेमीफाइनल में जगह बना ली। ग्रुप ए के सेमीफाइनल मैच में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की दो नामचीन टीम डीसीए राजनांदगांव व एमसीए कोरबा के मध्य मुकाबला होगा।

ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन ग्रुप ए के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में आज दो राज्य छग व महाराष्ट्र की दो टीमों के मध्य सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भिड़ंत हुई। गुरुवार को खेली गई



### राजनांदगांव व कोरबा के मध्य आज सेफा

अन्तर्राज्यीय ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा के चौथे दिन शुक्रवार को ग्रुप ए का सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। इस मैच में छग की दो ख्यातिप्राप्त टीम डीसीए राजनांदगांव एवं एमसीए कोरबा के मध्य फाइनल में पहुचने के लिए कांटे का संघर्ष होगा।

दोनो टीमों कोरबा व नागपुर को आयोजक समिति ने एक एक बाई देकर सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिया था। बीस बीस आवरो के इस मैच में कोरबा ने निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट खोकर नागपुर को जीत के लिए 171 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। कोरबा की ओर से पीयूष ने 34 गेंदों में सर्वाधिक 73 रन बनाए। नागपुर की ओर से सुभाष ने दो विकेट लिए।

नागपुर की पूरी टीम निर्धारित ओवरों से दो ओवर पहले ही 118 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कोरबा की ओर से अमि शाह ने शानदार चार विकेट लिए। कोरबा के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही नागपुर के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फसा कर रखा। आज के मैच में अंपायर सपन काकडे व हेमंत ठाकुर थे। और कॉमेंट्रेटर प्रज्ञारत्न गोडबोले व स्पेटर्स आफिसर डाफ मोरध्वज सोनवानी व विकास मानिकपुरी थे।

## भारत रत्न अटल को किया याद




**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारतरत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को जिले में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। खैरागढ़, छुईखदान और गण्डई में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया गया जबकि ग्रामीण क्षेत्र में पूर्व से निर्मित अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित किया गया। जिन ग्रामों में अटल चौक नहीं है वहाँ सार्वजनिक स्थल में उन्हें नमन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने ग्रामीणो के साथ जुडक़र अटल चौक के आस-पास सफाई अभियानचलाया। सुशासन का संकल्प लिया गया और पूर्व पीएम के योगदान को याद किया। गौरतलब है कि अटल बिहारी बाजपेयी का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसमें ग्रामीण सडक़ योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज, पोखरण परमाणु परीक्षण, कारगिल विजय, दिल्ली मेट्रो, मोबाईल का विस्तार, सर्व शिक्षा अभियान जैसे विशेष कार्य है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास को मजबूत करने नए राज्य की सौगात दी। निर्माण पश्चात पिछले पच्चीस वर्ष में राज्य में गांव शहर सभी जगह अभूतपूर्व प्रगति हुई है। सम्पूर्ण देश के विकास और अच्छे शासन के लिए किए गए योगदान को आगे पीढ़ी तक ले जाने के लिए जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## सार समाचार

### सम्मानित हुए थंगेश्वर और रेशमी

**राजनांदगांव।** त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम नवापारा के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. सुंदरलाल शर्मा जयंती समारोह 21 दिसम्बर को साहू समाज छात्रावास भवन राजिम में धूमधाम से मनाया गया। राज्य स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता में राजनांदगांव, गरियाबंद, धमतरी, दुर्ग, बालोद, बलौदाबाजार, मनेन्द्रगढ़, रायपुर व बेमेतरा जिले के साथ-साथ नागपुर महाराष्ट्र से प्रतिभागी के रूप में साहित्यकार उपस्थित थे। सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। आयोजन के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू व अध्यक्षता डॉ. अभिलाषा बेहार सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग छग शासन ने की। विशेष अतिथि पं. सुंदरलाल शर्मा के सुपौत्र विकास शर्मा, विशिष्ट अतिथि महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, लालाराम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर समिति राजिम, नूतन साहू वरिष्ठ साहित्यकार पांडुका एवं त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम के आजीवन अध्यक्ष मकसुदन राम साहू उपस्थित थे।



काव्यपाठ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट काव्यपाठ के लिए राजनांदगांव से थंगेश्वर कुमार साहू एवं उनकी पत्नी रेशमी साहू को डॉ. अभिलाषा बेहार छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा साहित्य साधक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

### स्कूल का वार्षिकोत्सव एनबीआईएस में आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड एवं नीरज फाउंडेशन स्कूल का वार्षिकोत्सव एनबीआईएस बोरी में संपन्न हुआ। संस्था के त्रि-दिवसीय वार्षिकोत्सव उड़ान 2025-26 के कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं गणेशजी की वंदना के साथ एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी व सोनल बाजपेयी द्वारा किया गया। 20 दिसंबर को एनबीआईएस बोरी, 21 को एनपीपीएस बल्देवबाग एवं 22 दिसंबर को एनपीपीएस बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक एवं एनएफएस के विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित समयानुसार अपने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एवं सांस्कृतिक सोद्देश्य से भरे कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का पालकों ने जमकर लुत्फ उठाया।



आभार व्यक्त करते एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के फाउंडर एवं डायरेक्टर इंजी.नीरज बाजपेयी ने कहा कि उनके लिए शिक्षा का क्षेत्र समाजसेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज पर्यंत वे उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ अपने विद्यालयों को राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाए हुए हैं। उनके यह केंद्र मंदिर की तरह पावन और गरिमापूर्ण है। एनबीआईएस बोरी को पूरे प्रदेश में श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान बनाने का अपना संकल्प दुहराते उन्होंने भविष्य की योजनाओं को भी उपस्थित पालकों के समक्ष रखा।

इस अवसर पर डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, पुष्पा बाजपेयी, रेणु बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, वैशाली सिंग, स्नेहा तिवारी, मधुजा माहेश्वरी शास्त्री, श्री ढल्ला सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं प्रतिष्ठित नागरिक व बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी स्कूल के प्रशासक ने दी।

### बासुला मंडई आज

**राजनांदगांव।** ग्राम बासुला में परम पूज्य संत श्री गुरु घासीदास बाबा की जयंती एवं मंडई-मेला का आयोजन कल 26 दिसंबर को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक रंग मोर सांवरिया ग्राम कंडेल जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी संरक्षक चितरराम कोसरे ने दी।

### गेल कंपनी के स्वार्थ को सौगात बता रहे हैं रमन : रूपेश

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने गेल कंपनी द्वारा अडानी को लाभ देने यूरिया प्लांट लगाए जाने को डॉ. रमन सिंह के प्रयास की सौगात बताए जाने पर कटाक्ष करते कहा कि गेल कंपनी के एमएनजेपीएल पाईप लाइन के सुचारू संचालन के लिए स्वार्थपरक प्रस्ताव पर छग सरकार अडानी के सामने नतमस्तक है और अपनी बेबसी को औद्योगीकरण के नाम पर छग में जैविक कृषि व कृषक को समाप्त करने आमादा है। प्रवक्ता दुबे ने कहा कि गेल कंपनी जिस प्रकार से एमएनजेपीएल (मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा-पाईप लाइन) बिछाने के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़ जिले में अपनी आतंकी गतिविधियों से किसानों के ड्रिप सिस्टम सहित फसल व पेड़ों को नुकसान पहुंचाया है और निजी व्यक्ति को नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक जैसे शासकीय पद के सील का दुरूपयोग करते बिना मुआवजा दिए जिले के दर्जनों ग्रामों के किसानों के खेतों पर सरकारी दबाव बनाकर जबर्दस्ती पाईप लाइन डालकर अधिग्रहित करने का काम चल रहा था, तब डॉ. रमन सिंह किसानों की पीड़ा देखकर भी क्यों मौन बैठे थे। पेट्रोलियम एवं खनिज पाईप लाइन अधिनियम 1962 के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा के लिए कलेक्टर के समक्ष किसानों की व्यक्तिगत सुनवाई अनिवार्य है। इसका पालन किए बिना कार्य किया गया। चूंकि गेल कंपनी और आडानी एक सिक्के के दो पहलू हैं।



### प्रतिनिधि मंडल ने की विस अध्यक्ष रमन से मुलाकात

**राजनांदगांव।** जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आ रही प्रशासनिक अड़चनों को लेकर जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा राजनांदगांव ने निर्णायक पहल की है। मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट कर वर्ष 1950 के पूर्व के दस्तावेजों की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त करने तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 10 जून 2025 को जारी परिपत्र के पूर्ण अनुपालन की मांग की। इस अवसर पर रविन्द्र रामटेके, राजू बारमाटे, संतोष बौद्ध, पीयूष ऊके, नीलेश ठावरे, रिक्की सहारे, किशन श्यामकुवर, केएल टांडेकर, एसके भालाधरे, राजकुमार नागदेवे, रवि सुखदेवे, सिद्धार्थ चौरे उपस्थित रहे।



### डिवाईडर पर पलटा ट्रक

**चिचोला।** अंचल में दुर्घटना व घटना रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुजरात पासिंग गाड़ी जो कि नागपुर दिशा से रायपुर दिशा की ओर जा रहा था तभी पाटेकोहरा आर टी बेरियर से 100 मीटर आगे डिवाईडर में जा के पलट गया। जानकरी के अनुसार ट्रक रफ्तार में होने से डिवाईडर में जा के पलट गया जिससे बहुत बड़े अनहोनी से बचा है चालक परिचालक को तुंरत अशोका कंपनी के एंबुलेंस अस्पताल ले जाया गया। चिचोला थाना प्रभारी ने बताया कि रात 12 बजे के आस पास यह ट्रक प्लाई व व्हाईट सीमेंट से भरा था जिसे क्रेन के माध्यम से उठाकर साइड किया गया। जीई रोड होने से आवागम बाधित हो गया था।

## भारत रत्न पं.अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर सुशासन दिवस का आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग की बीमारी से पीड़ित मिले 45 बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर सुशासन दिवस अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल नवा रायपुर के सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय बाल हृदय रोग स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हुए।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर स्मरण किया। उन्होंने कहा कि श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल नवा रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिविर में नन्हें बच्चों के हार्ट की स्क्रीनिंग की जा रही है। इको एवं ईसीजी के माध्यम से जांच करने पर यह पता चला है कि लगभग 45 बच्चों को सर्जरी करना जरूरी है। यह स्क्रीनिंग होने से यह पता चल पाया कि उन्हें जन्मजात हृदय की बीमारी है। जिससे बच्चों का विकास बाधित होता। शिविर में नन्हें बच्चों की जांच हो जाने से सर्जरी होने के बाद बच्चे स्वस्थ हो जाएंगे। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि बच्चों के उपचार में मदद मिलेगी तथा उनके इलाज का लगातार फॉलोअप लिया जाएगा। चिन्हांकित लगभग 45 बच्चों का निःशुल्क उपचार होगा।




#### निरायमा नव्या प्रोजेक्ट का शुभारंभ

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रोजेक्ट निरामया नव्या का शुभारंभ किया गया है। किशोरी बालिकाओं को इस वेबसाईट के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी सलाह एवं परामर्श मिलेगा। किशोरी बालिकाएं माहवारी, हार्मोंस में आने वाले परिवर्तन, एनीमिया सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों को बिना किसी संकोच के विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श ले सकेगी और उनकी काउंसलिंग की जाएगी।

#### बच्चों का होगा निःशुल्क इलाज : पांडे

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी केवल राजनेता ही नहीं थे, वह एक लेखक, साहित्यकार, संपादक एवं कुशल वक्ता भी थे। उन्होंने उत्कृष्ट कविताओं की रचना की है। उनके कार्यकाल में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया गया। गांव-गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराया गया तथा गांवों को शहरों से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि इस शिविर में गरीब एवं जरूरतमंद परिवार से अपने नन्हें बच्चों को लेकर जनसामान्य आए हैं।

#### 126 बच्चों का पंजीयन

उल्लेखनीय है कि शिविर में चिरायु टीम द्वारा कुल 126 संभावित बच्चों का पंजीयन किया गया। जिसमें सभी बच्चों का निःशुल्क ईसीजी एवं ईको टेस्ट किया गया। बच्चों का ऑपरेशन चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल नवा रायपुर में किया जाएगा। इस दौरान श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल नवा रायपुर के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश साठे, शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीनदयाल नागर, ट्रस्ट ऑफिसर एस. जगदीश राव वेंकट कोमपेला, कॉर्डिनेटर मेडिकल सर्विसेस डॉ. निखिल शुक्ला सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

## डॉ.रमन के प्रयास से स्थापित होगा उर्वरक संयंत्र : मधु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक राजनांदगॉव डॉ. रमन सिंह के दूरदर्शिता एवं प्रयासों से अब राजनांदगांव जिला अंतर्गत खाद (उर्वरक) संयंत्र स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिस पर प्रसन्नता व्यक्त करते महापौर मधुसूदन यादव ने इसे राजनांदगांव जिले की जनता के लिए डॉ. रमन सिंह की एक और अनमोल सौगात करार दिया है।

महापौर ने बताया है कि 23 दिसंबर को रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार और गैस एथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) ने छत्तीसगढ़ में ग्रीनफील्ड गैस आधारित उर्वरक परियोजना विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना में प्रति वर्ष 12.7 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की क्षमता के साथ एवं 10,500 करोड़ रुपए की लागत से एक ऐसा यूरिया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करना शामिल है, जो गेल के मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाईप लाइन (एमएनजेपीएल) कॉरिडोर के साथ अनुकूल रणनीतिक रूप से स्थित है।

पूर्व सांसद मधुसूदन ने बताया कि राजनांदगांव जिले में इस खाद कारखाने की स्थापना के बहुयामी दूरगामी सुखद परिणाम परिलक्षित होंगे। इस समझौते से तीन बड़े एवं प्रत्यक्ष लाभ होंगे। पहला इससे राज्य की अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास को नई गतिशीलता प्राप्त होगी। दूसरा प्रदेश के किसानों को खेती के लिए सस्ती एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरक आसानी से स्थानीय बाजार में उपलब्ध हो सकेगी एवं प्रदेश में हजारों की संख्या में रोजगार सृजित करने के लक्ष्य से प्रदेश के युवाओं को अपना भविष्य संवारने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होगा।

## गुम मोबाइल खोजकर लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोबाइल गुम होने की शिकायत पर पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी कर 20 गुम मोबाइल को खोजा गया, जिसे कोतवाली थाना में धारको को बुलाकर सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलने से धारकों के चेहरे खिल उठे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए निरंतर की जा रही प्रभावी एवं तकनीकी कार्रवाई के अंतर्गत गुम मोबाइलों की पतासाजी कर उन्हें बरामद किया गया और गुरुवार को कोतवाली पुलिस द्वारा गुम हुए 20 नग मोबाइल फोन, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 3,75,000 रुपए है, को बरामद कर संबंधित आवेदकों को विधिवत सुपुर्द किया गया।



#### तकनीकी सहायता से खोजा

ये सभी मोबाइल फोन सीईआईआर पोर्टल की सहायता से तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से जिले से, जिले के बाहर सहित अन्य राज्यों से रिकवर किए गए। यह उपलब्धि आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ पुलिस की तकनीकी दक्षता को भी दर्शाती है।

#### मोबाइल पाकर धारकों के खिले चेहरे

थाना सिटी कोतवाली द्वारा भविष्य में भी आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं विश्वास को ध्यान में रखते इसी प्रकार आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर कार्रवाई निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई गई है।इधर धारकों को गुम मोबाइल वापस मिल जाने से खुशी से चेहरे खिल उठे।

## महिला वर्ग में दीनदयाल चैलेंजर्स बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के महिला वर्ग के समापन समाहरोह में महिला सशक्तिकरण का नया आयाम स्थापित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ हॉकी एवं राजनांदगांव हॉकी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग के समापन अवसर पर महिला सशक्तिकरण मंच के माध्यम से नारी शक्ति का उत्सव मनाया गया।

आईएएस सुरूचि सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं समाज सेविका रेखा संतोष पांडे की अध्यक्षता में समापन समारोह सम्पन हुई। कार्यक्रम में हेमलता प्रजापति, भारती लारिया,कमलेश्वरी वर्मा, पूर्णिमा पटेल,तृप्ति निषाद,कंचन मेश्राम, बबीता लिल्हारे, सरिता चौबे, रजनी टेम्बुलकर एवं रीना ठाकुर शामिल के विशिष्ट आतिथ्य में विजेता एवं उपविजेता टीम को डॉ गणेश शंकर शर्मा ट्रॉफी, पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मोनिष्का विश्वकर्मा को स्व. अन्नपूर्णादेवी के स्मृति में सायकल रॉयल किड्स संस्थान द्वारा प्रदत्त किया गया। इसी के साथ टूर्नामेंट के दौरान सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच का अवार्ड घनिष्ठा साहू एवं पुशपीता साहू को प्रदान किया गया।




#### हॉकी के लिए लोगों का योगदान अतुलनीय

मुख्य अतिथि आईएएस सुरुचि सिंह सीईओ जिला पंचायत ने रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग को हॉकी खेल के लिए योगदान को अतुलनीय बताया और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे एवं छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सभी सदस्यों को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रेखा संतोष पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता में हमारे बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। हॉकी के बच्चों को बढ़ावा देने के लिए यह महत्पूर्ण प्रयास है। मैंने सुना था कि राजनांदगांव हॉकी की नर्सरी के नाम से जाना जाता है, जिसे मैंने आज यहां देख भी लिया है।

## अटल परिसर में सुशासन तिहार का आयोजन

**राजनांदगांव।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में शासन निर्देशानुसार जीई रोड में निर्मित अटल परिसर में महापौर मधुसुदन यादव के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित राजेश जैन रानू, सावन वर्मा, शैंकी बग्गा, डिलेश्वर प्रसाद साहू, केवरा रॉय, रेखा पारख, रवि सिन्हा, सतीश साहू, अमृता सिन्हा, सेवक उइके, शरद सिन्हा, विजय रॉय, सुमीत भाटिया ने किया। तत्पश्चात अतिथियों ने अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा में माल्यापर्ण कर पुष्पांजलि अर्पित कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया। कार्यक्रम में अटल की जयंती पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

निगम अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि आज भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जंयती को सुशासन तिहार के रूप मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ लेने संबंधित अधिकार पत्र एवं प्रमाण पत्र आदि वितरण किया जा रहा है। पार्षद सावन वर्मा एवं रवि सिन्हा ने कहा कि श्री अटल ने भारत को नई दिशा देने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर आज सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शासन की योजना का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है तथा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आंबटित आवास का आंबटन पत्र के साथ-साथ राशन कार्ड, जन्म व विवाह प्रमाण पत्र वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव मिश्रा ने किया।

## अटल के आदर्शों को अपनाने का संकल्प



**सोमनी।** सुशासन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम सोमनी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं नमन किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से न केवल देश को मजबूत दिशा दी, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का ऐतिहासिक कार्य कर इस क्षेत्र के विकास की नींव रखी। सुशासन, राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने अटल जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सुशासन के मूल मंत्र को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## राजस्व वसूली में ध्यान न देकर शिविर लगाने का ढकोसला

**राजनांदगांव।** भाजपा शासित नगर निगम द्वारा सुशासन तिहार के तहत वार्डों में लगाए जा रहे समस्या निवारण शिविरों को लेकर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इन शिविरों को जनता की समस्याओं के समाधान की बजाय केवल ढकोसला करार देते कहा कि निगम प्रशासन अपने मूल दायित्वों से भटक गया है और राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की अनदेखी कर रहा है।



श्री पिल्ले ने कहा कि निगम द्वारा वार्डों में शिविर लगाकर अनावश्यक खर्च बढ़ाया जा रहा है। जबकि पूर्व में आयोजित शिविरों में जनता की समस्याओं का आज तक समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पिछली बार लगाए गए शिविर ही निष्फल रहे तो एक बार फिर उसी प्रक्रिया को दोहराने का क्या औचित्य है। भाजपा सरकार के निर्देश पर आयुक्त द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं और पिछली बार की तरह इस बार भी निगम कर्मचारियों को शिविरों में लगाया जा रहा है। वार्डवार कार्यक्रम भी तय कर लिया गया है। वर्तमान में निगम के कर्मचारी पहले से ही एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगे हुए हैं, अब उन्हें शिविरों में तैनात कर दिया गया है। जिससे निगम का नियमित कामकाज प्रभावित हो रहा है। बेहतर होता कि कर्मचारियों को उनके मूल कार्यों में लगाया जाता, ताकि नगर निगम सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध

# बांग्लादेश सरकार का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार और बीते दिनों दीपू दास की भीड़ द्वारा की गई नृशंस हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा बांग्लादेश की यूनुस सरकार का पुतला दहन किया गया।

बांग्लादेश में दीपू दास की हत्या को लेकर हिंदू संगठनों में काफी आक्रोश है। हिंदू संगठन के लोगों ने नारेबाजी करते हुए दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर चौक से युनुस सरकार का पुतला निकाला और महाकाल चौक में पहुंचकर पुतला दहन किया। इस दौरान बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते जमकर नारेबाजी की गई।



#### ध्वज में चलकर प्रदर्शन

हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश का झंडा सड़क पर लगाया गया और इसमें चलकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन के आयोजन के दौरान हिंदू संगठन के लोगों ने बांग्लादेश की सरकार को बर्खास्त कर यहां निर्वाचित सरकार बनाने मांग की गई, ताकि अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा हो सके। इस प्रदर्शन के दौरान अरूण गुप्ता, अंकित खंडेलवाल, शिव वर्मा, निर्गुण सदानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### सरकार को बर्खास्त करने की मांग

विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास ने कहा कि बांग्लादेश में दीपू दास कपड़ा दुकान में कार्य करता था। भीड़ ने बर्बरतापूर्वक उसकी हत्या की और इतना ही नहीं उसे उल्टा लटकाकर आग के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं, जिस पर संज्ञान लेते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बांग्लादेश सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग इस प्रदर्शन के माध्यम से की जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर कठोर कदम उठाए।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025



# प्रीमियम वाईन शॉप का विरोध, चार घंटे तक चला प्रदर्शन, चक्काजाम और नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के मोहरा बायपास चौक के समीप खुले प्रीमियम वाईन शॉप के विरोध में स्थानीय निवासियों द्वारा लगभग चार घंटे तक विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम किया गया। इस प्रीमियम वाईन शॉप खुलने का विरोध करते बीते 23 तारीख को आसपास क्षेत्र के निवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से आंदोलन की चेतावनी दी थी। आज दोपहर लगभग 12 बजे वार्ड की महिलाएं और पुरूष प्रीमियम वाइन शॉप पहुंच गए और यहां दुकान परिसर में ही विरोध करने लगे।

इसके बाद यहां दुकान मालिक और स्थानीय लोगों में जमकर बहस हुई। इसके बाद वार्ड के लोग मोहरा बायपास चौक पर बैठकर राजनांदगांव-बालोद मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। इधर चक्काजाम की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची और चक्काजाम हटाने काफी समझाई दी, लेकिन वार्डवासी डटे रहे। इसके बाद आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया, लेकिन प्रीमियम शराब दुकान को तत्काल बंद करने की मांग पर वार्ड के लोग अड़े रहे।

## नंदई इलाके में दूसरी बार प्रीमियम शराब दुकान को लेकर विरोध, विभाग की हो रही किरकिरी

### अधिकारियों को बुलाने की मांग

प्रीमियम वाइन शॉप के विरोध की सूचना पर मौके पर पहुंचे आबकारी विभाग के लोगों ने तत्काल दुकान को बंद करने को लेकर अक्षमता जाहिर की। इसके बाद एक बार फिर चक्काजाम के लिए लोग सड़क पर आ गए । इसके बाद मौके पर प्रशासन के अधिकारियों को और जिला आबकारी आयुक्त को बुलाने की मांग की गई। वहीं एसडीएम के पहुंचने पर चक्काजाम हटाते हुए तत्काल प्रीमियम वाइन शॉप को बंद करने की मांग की गई, लेकिन दुकान बंद नहीं कराया जाने पर फिर से चक्काजाम कर दिया गया।



**शटर बंद होने के बाद माने:** शुक्रवार को बैठक और तत्काल प्रीमियम शराब दुकान का शटर बंद करने की सहमति के बाद आक्रोशित वार्ड के लोगों ने शाम 4 बजे चक्काजाम समाप्त किया। चक्काजाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी।

### थोड़ी दूरी पर पांच शराब दुकानें

प्रीमियम वाइन शॉप के विरोध को लेकर प्रदर्शनकारी विजयलक्ष्मी शर्मा और जयकिशन शर्मा ने कहा कि यहां पहले ही शराबियों से काफी परेशानी हो रही है। मोहरा बस्ती के समीप देशी शराब दुकान है। वहीं लखोली जाने वाले मार्ग पर अंग्रेजी शराब दुकान खुली हुई है। इसके बावजूद चौक पर बार खोल दिया गया है और अब यहां पर प्रीमियम वाइन शॉप भी खोला गया है। इतनी सारी शराब दुकान होने से यहां का माहौल खराब हो रहा है।

### अवैध निर्माण का आरोप

प्रीमियम वाइन शॉप का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि जिस जगह पर प्रीमियम वाइन शॉप खोली गई है, वह जगह बायपास की है। जिसका मुआवजा पीडब्ल्यूडी द्वारा दिया जा चुका है। इसके बावजूद यहां पर अवैध निर्माण किया गया है, जिस पर प्रीमियम वाइन शॉप खोल दी गई है।

## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**राजनांदगांव।** चार साहिबज़ादों की महान शहादत को स्मरण करते वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर कल 26 दिसंबर को एक प्रेरणादायी कार्यक्रम "सफर-ए-शहादत" का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दोपहर 3 बजे एक पैदल मार्च का आयोजन किया जाएगा, जो गुरूद्वारा साहिब से आरंभ होकर निम्न मार्ग से होते हुए गुरुद्वारा साहिब, मानव मंदिर चौक, गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक होते हुए गुरूद्वारा गुरू सिंघ सभा पहुंचेगी। पैदल मार्च के पश्चात गुरूद्वारा गुरू सिंघ सभा राजनांदगांव में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चार साहिबज़ादों के अद्वितीय साहस, त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डाला जाएगा। जिससे समाज एवं विशेषकर युवा पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त कर सके। यह आयोजन गुरू दी संगत वेलफेयर सोसाइटी एवं गुरू सिंग सभा राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उक्त जानकारी रूबी गरचा प्रवक्ता ने दी।

## जिले में अब तक सवा 12 करोड़ रुपए का अवैध धान किया गया जब्त

# गोंदिया से आया ढाई सौ क्विंटल धान पकड़ाया, मुढ़पार में खड़े ट्रक से जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

धान की अवैध तस्करी के खिलाफ जारी प्रशासनिक अभियान के तहत गुरुवार को भी कार्रवाई की गई। महाराष्ट्र के गोंदिया से धान ला रहे एक कोचिया पर एक्शन लेते लगभग ढाई सौ क्विंटल धान जब्त किया गया। वहीं मुढ़पार में भी धान खपाने की जुगत में लगे एक कोचिया को पकड़ा गया है। जिससे 89 कट्टा धान जब्त किया गया। ज्ञात हो कि अब तक जिले में सवा 12 करोड़ रुपए का धान पकड़ा जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि धान की अवैध तस्करी के खिलाफ इस बार जिला प्रशासन अधिक सख्त नजर आया है। ज्ञात हो कि भले ही प्रदेशभर में धान की सरकारी खरीदी 15 नवंबर से शुरू हुई, लेकिन स्थानीय स्तर पर जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर प्रशासनिक अमले ने पिछले 1 नवंबर से ही जिले की सीमाओं पर पहरेदारी शुरू कर दी थी। जिसका फायदा भी प्रशासन को मिला और खरीदी शुरू होने से पहले ही धान की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई की गई। इसका सीधा असर पड़ोसी राज्यों से आने वाले धान पर पड़ा। सूत्रों की माने तो हर साल पड़ोसी राज्यों से बड़ी मात्रा में धान जिले में खपाने के लिए आता रहा है, लेकिन इस बार प्रशासनिक कार्रवाई के चलते इसमें भारी गिरावट देखने को मिली है।





### अब तक 133 प्रकरण पर एक्शन

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी शुरू होने के बाद से ही अब तक जिले में धान के अवैध तस्करी मामले में 133 प्रकरण पर कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें 39 हजार क्विंटल धान भी जब्त किया गया है। सरकारी कीमत के अनुसार यह धान 12.15 करोड़ रुपए का होता है। इससे यह समझा जा सकता है कि हर साल धान खरीदी के दौरान कितने करोड़ रुपए का अवैध धान सोसायटियों में खपाया जाता रहा होगा।

### राईस मिल में दस्तक दे रही टीम

इधर कोचियों के बाद अब राईस मिलर्स पर भी प्रशासन ने नजर बनाकर रखी हुई है। बताया गया कि खाद्य विभाग की टीम लगातार जिलेभर में राईस मिल पर दस्तक देकर सत्यापन का काम कर रही है। इस दौरान मिल में धान अधिक या कम मिलने पर एक्शन भी लिया जा रहा है। ज्ञात हो कि हाल ही में सोमनी स्थित एक राईस मिल में पिछले साल का धान कम मिला था, जिस पर कार्रवाई भी की गई थी।

# कोठार से धान चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



गांव के कोठार में रखे धान का तीन कट्टा चोरी होने के मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 24 दिसंबर को प्रार्थी ने चौकी चिखली में आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 दिसंबर को अपने घर से कुछ दूर कोठार में 18 कट्टा धान को भरकर रखा था, जब वह 24 दिसंबर को जाकर देखा तो उसमें से 3 कट्टा धान कीमती 5500 रुपए नहीं था, जिसे अपने गांव के ही अश्वनी और देवेंद्र पर शंका होने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते प्रकरण के आरोपी अश्वनी कुमार मंडावी 52 साल और देवेन्द्र साहू 30 साल दोनों निवासी भाठागांव ओपी चिखली को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### चोरी का धान जब्त

पुलिस के अनुसार चौकी प्रभारी चिखली के नेतृत्व में चौकी चिखली पुलिस द्वारा प्रार्थी के जाहिर किए शंका अनुसार अश्वनी कुमार मंडावी व देवेन्द्र साहू को हिरासत में लेकर चौकी चिखली लाकर बारिकी से पूछताछ करने पर 3 कट्टा धान कीमती 5500 रुपए को चोरी करना स्वीकार कर बरामद कराने पर चोरी की धान जब्त की गई।

## माए एंगल




# चार पहिया वाहनों में काला शीशा, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



चार पहिया वाहनों में काला शीला लगा होने पर यातायात पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान कार्रवाई की है। यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में काला शीशा लगे 46 वाहनों पर कार्रवाई कर 92,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 24 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने सभी चार पहिया वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में काला शीशा, ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। काला शीशा लगाए जाने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने कहा है कि यातायात नियमों का पालन करें, असुविधा से बचें एवं यातायात पुलिस का सहयोग करें।

### अब तक 46 वाहनों पर कार्रवाई

एक कार पर काला शीशा (ब्लैक फिल्म) लगाए जाने पर मोटरयान अधिनियम की धारा 100 के अंतर्गत कार्रवाई करते 2,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वर्ष 2025 में अब तक यातायात पुलिस द्वारा कुल 46 चारपहिया वाहनों (कार) पर काला शीशा लगाए जाने के मामलों में कार्रवाई कर 92,000 रुपए का जुर्माना वसूला जा चुका है। यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# उत्पात मचाने पर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा व अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के आपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र में इसी अभियान के तहत उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनावेदक भुवनेश्वर चंद्रवंशी 27 साल निवासी संगीनकछार के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर धारा-170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

# गुम मोबाइल खोजकर लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मोबाइल गुम होने की शिकायत पर पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी कर 20 गुम मोबाइल को खोजा गया, जिसे कोतवाली थाना में धारको को बुलाकर सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलने से धारकों के चेहरे खिल उठे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए निरंतर की जा रही प्रभावी एवं तकनीकी कार्रवाई के अंतर्गत गुम मोबाइलों की पतासाजी कर उन्हें बरामद किया गया और गुरुवार को कोतवाली पुलिस द्वारा गुम हुए 20 नग मोबाइल फोन, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 3,75,000 रुपए है, को बरामद कर संबंधित आवेदकों को विधिवत सुपुर्द किया गया।



### तकनीकी सहायता से खोजा

ये सभी मोबाइल फोन सीईआईआर पोर्टल की सहायता से तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से जिले से, जिले के बाहर सहित अन्य राज्यों से रिकवर किए गए। यह उपलब्धि आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ पुलिस की तकनीकी दक्षता को भी दर्शाती है।

### मोबाइल पाकर धारकों के खिले चेहरे

थाना सिटी कोतवाली द्वारा भविष्य में भी आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं विश्वास को ध्यान में रखते इसी प्रकार आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर कार्रवाई निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई गई है।इधर धारकों को गुम मोबाइल वापस मिल जाने से खुशी से चेहरे खिल उठे।

# छात्रों ने किया बस्तर का शैक्षणिक भ्रमण

**गंडई पंडरिया।** स्थानीय स्व. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में 38 विद्यार्थियों के दल ने बस्तर संभाग के तीरथगढ़, चित्रकोट जलप्रपात, ढोलकल गणेश और दंतेवाड़ा स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर का अवलोकन किया। विभागाध्यक्ष भागवत राम वर्मा के नेतृत्व में हुए इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक व पर्यावरणीय ज्ञान देना था। इस दौरान गावस्कर कौशिक, प्रदीप अमिला, सुश्री शिल्पी देवांगन व डॉ. तामेश्वर जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।



# अजा कांग्रेस प्रभारी का छुईखदान में आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार के नगर आगमन पर कांग्रेसजनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू सहित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष महंत कोशनदास कोसरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार ने कहा कि पूरा देश अभूतपूर्व महंगाई की मार झेल रहा है। आम जनता की रोजमर्रा की जरूरतें महंगी होते जा रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस ओर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी लगातार देश की जनता के हक की लड़ाई सड़कों से संसद तक लड़ रहे हैं। कांग्रेस हमेशा गरीब, दलित, पिछड़े और शोषित वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी।



### जनसमस्याओं को उठाने का आह्वान

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने अनुसूचित जाति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक मजबूती के साथ जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। बैठक में कोमल साहू, कोसन कौसरे, सज्जाक खान, प्रकाश महोबिया, ताराचंद बंजारे, कामदेव ओगरे, भावेश गहने, अशोक महिलांगे, महंत राशिद बंजारे, मोहन भारती, केशव मिश्रा, केदार मेश्राम, मन्नू चंदेल, लेखनारायण टांडेकर, भारत महिलांगे, भारत सूर्यवंशी, नीलकंठ बंजारे, शिव, बंशी रात्रे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। बैठक का समापन संगठन को मजबूत करने एवं आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विचार विमर्श के साथ हुआ।

## क्रिसमस पर दिखा अंचल में उत्साह, मनाया जश्न

# क्रिसमस पर सामूहिक कैरोल गीत, प्रार्थना सभा में जुटे लोग, एक-दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस के अवसर पर शहर के वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। यहां सुबह विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने सामूहिक कैरोल गीत गया और एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी। चर्च में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। ख्रीष्ट जयंती के अवसर पर चर्च को काफी खूबसूरत तरीके से सजाया गया था।

क्रिसमस पर्व को लेकर मसीह समाज में काफी उत्साह का महौल बना हुआ है। इस दौरान चर्च परिसर में प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव को मनाने विभिन्न झांकियां बनाई गई। वहीं आकर्षक क्रिसमस-ट्री सजाया गया है। प्रातः प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस प्रचार को लेकर धार्मिक संदेश कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। क्रिसमस पर्व पर चर्च पहुंची प्रगति लाल और समाज की अन्य महिलाओं ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हमारे लिए सबसे बड़ा पर्व है। प्रभु यीशु ने हमें आपसी प्रेम की शिक्षा दी है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम अपने प्रभु के गीतों को गाते हैं।



### क्रिसमस मिलन का हुआ आयोजन

ख्रीष्ट जयंती के अवसर पर देर शाम शहर के चर्च में क्रिसमस मिलन का आयोजन किया गया। आयोजन में कॉफी, टॉफी व केक का वितरण कर लोग एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रभु यीशु मसीह ने लोगों के पापों के छुटकारे के लिए कलवारी के क्रूस पर अपना बलिदान दिया था।

### कैरोल गीत में झूमे

क्रिसमस के अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा में समाज की महिला-पुरूष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं कैरोल गीत के आयोजन में भी बड़ी संख्या में युवाओं और बच्चों ने हिस्सा लिया। कैरोल गीत के दौरान उपस्थित मसीह समाज के लोग प्रभु यीशु मसीह के गीतों में मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे।

# अहंकार बनता है नाश का कारण



**उरईडबरी।** ग्राम में आयोजित श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस श्रद्धा, भक्ति और आनंद का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर गोवर्धन लीला, रुख्मणी विवाह एवं महारास के प्रसंगों का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि अहंकार श्रीकृष्ण के समक्ष टिक नहीं पाता। इंद्र के गर्व को चूर करते हुए गोवर्धन पर्वत धारण कर भगवान ने यह संदेश दिया कि जो शरण में आता है, उसकी रक्षा भगवान करते हैं। उन्होंने रुख्मणी के निष्कलंक प्रेम, अटूट श्रद्धा और श्रीकृष्ण की करुणा का भी चित्रण किया। उन्होंने बताया कि सच्चा प्रेम और भक्ति प्रभु से मिलन का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन एवं जयघोष से आयोजन स्थल भक्तिमय हो गया था।

## खबर संक्षेप

### नेऊर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जयंती मनाई गई



**हरिभूमि कवर्धा।** नेऊर बुथ क्रमांक 10 में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता बहादुर सोनी ने किया, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दूजराम यादव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्तिक राम बैगा, बुधिया बाई, नाचा बाई, केजा बाई, सिंगरो बाई, बुद्धसिंह, रामसिंह, कैलास मरावी, शिवकुमार, प्रेमसिंह और छोटन बैगा तथा कई वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थें। कार्यक्रम में अटल बिहारी की छायाचित्र में फूल- माला अर्पित की गई। इस अवसर ने सभी कार्यकर्ताओं में नई उर्जा और प्रेरणा का संचार किया।

### प्रताप चंद्रवंशी को मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**हरिभूमि कवर्धा।** सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में गत दिनों 21 दिसंबर को जिला पेंशनर संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संघ का निर्वाचन संपन्न कराया गया, जिसमें प्रताप चंद्रवंशी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। निर्वाचन के दौरान संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, इसमें संतोष साहू को सचिव नियुक्त किया गया। वहीं बोड़ला तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी टीएस अवस्थी, पंडरिया तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी जगदीश जायसवाल और कवर्धा तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रकाश गुप्ता को दी गई। इसके अलावा संघ के संरक्षक के रूप में पीपी चंद्रवंशी व केएल चौधरी को दायित्व सौंपा गया। बैठक के दौरान पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, समस्याओं व उनके समाधान को लेकर चर्चा की गई। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने, पेंशनरों के हितों की रक्षा और उनकी मांगों को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पीएल शुक्ला, संतोष कुमार, टीकाराम, एके धवालकर, प्रज्ञान गुप्ता सहित अन्य पेंशनर सदस्य उपस्थित थें।

### कुआमालगी में अटल बिहारी बाजपेयी जयंती पर स्वच्छता अभियान का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत कुआमालगी में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के निर्माता पद प्रदर्शक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के छाया चित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर शक्तिकेंद्र कंझेटा के 236 बूथ कुआमालगी में अटल चौक में स्वच्छता अभियान चलाया गया, अटल चौक सहित आसपास क्षेत्र की साफ-सफाई किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मनहरण साहू, श्रीमती भानुमती साहू, फिरतु साहू, आत्माराम साहू, खेलू राम साहू, दीपचंद साहू सहित शक्तिकेन्द्र के समस्त पदाधिकारी गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### कुई में मनाई गई अटल बिहारी बाजपेयी जयंती



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कुई-कुकदुर द्वारा ग्राम कुई में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती (सुशासन दिवस) के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बसंत वाटिया, सभापति श्रीमती दीपा धुर्वे, मंडल पदाधिकारी, सरपंच, ग्रामवासी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर दीपा धुर्वे ने कहा कि बाजपेयी ने भारतीय राजनीति को राष्ट्रहित, सुशासन और जनसेवा की नई दिशा दी और उनका व्यक्तित्व आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मंडल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में अटल के दूरदर्शी नेतृत्व, संगठन कौशल और सर्वसमावेशी विचारधारा का उल्लेख करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।अंत में सरपंच ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ड्राफ्ट प्रकाशन निर्वाचक नामावली का वितरण

**हरिभूमि कोलेगांव।** एसआईआर-2025 ड्राफ्ट प्रकाशन के उपरांत संबंधित मतदान केंद्र के अभिहित अधिकारियों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत पंडरिया के सभा कक्ष में 24 दिसम्बर को संपन्न हुआ। जिसमें अभिहित अधिकारियों को ड्राफ्ट प्रशासन के बाद निर्धारित तिथियों में दावा-आपत्ति स्वीकार करने की जानकारी दी गई। आयोग द्वारा अनमैप्ड वोटर के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। जिससे संबंधित वोटर से निर्धारित दस्तावेज लिए जाएंगे, इसके साथ ही नवीन वोटर के नाम जोड़ने का कार्य फॉर्म नंबर 06 में भरकर बीएलओ एप के माध्यम से ऑनलाइन कराकर वेरीफाई करवाना होगा। फॉर्म नंबर 07 में नाम काटने की तथा फॉर्म नंबर 08 में संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण होगी। दावा आपत्ति 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे। दावा आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी 2026 तक होगी। इसके उपरांत 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन होगी। इसके बारे में जानकारी प्रशिक्षक ऋषि कुमार महरा व्याख्याता एवं मुन्नालाल चंद्राकर व्याख्याता के द्वारा सभी अभिहित अधिकारीयों को दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत नवीन मतदाता सूची का वितरण किया गया।

**खेती-किसानी** नई उन्नत किस्म प्रजाति की गन्ना फसल ने बदली किसानों की किस्मत

# उन्नत किस्म गन्ना फसल की खेती-किसानी में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिले के विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर कला में गन्ने की एक नई उन्नत प्रजाति ने बेहतर उत्पादन देकर किसानों की उम्मीदों को मजबूत किया है। यह नई किस्म खेतों में पूरी तरह परिपक्व होकर तैयार हो चुकी है और अब जिले सहित आसपास व दूर-दराज के क्षेत्रों के ग्रामीण किसान इस गन्ना बीज खरीदकर गन्ने की खेती किसानी कार्य में तेजी से जुट चुके है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित राम्हेपुर कला के ग्रामीण किसान राजू साहू द्वारा महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले से लाई गई गन्ने की उन्नत वैरायटी को अपने खेत में सफलतापूर्वक उगाया है। यह गन्ना न केवल ऊंचाई में बेहतर है, बल्कि वजन और रस की मात्रा के लिहाज से भी उच्च गुणवत्ता का माना जा रहा है। गन्ना फसल 9 से 10 फीट लंबा और 3.5 किलो तक वजन

किसान द्वारा उगाई गई, गन्ने की इस प्रजाति की लंबाई लगभग 9 से 10 फीट तक पहुंच गई है, वहीं एक गन्ने का वजन 3 किलो से 3 किलो 50 ग्राम तक बताया जा रहा है। गन्ना पूरी तरह रसदार है और इसमें शर्करा की मात्रा भी अधिक पाई गई है, जिससे यह चीनी उत्पादन के लिए उपयुक्त माना जा रहा है। कम समय में तैयार होने वाली उन्नत किस्म बताया गया कि इस गन्ने की वैरायटी का नाम पीडीएन 13007 और एसएनके 13374 है। ये दोनों किस्में उच्च शर्करा प्रतिशत और अधिक उत्पादन देने वाली मानी जाती हैं। खास बात यह है कि यह गन्ना कम समय में परिपक्व होकर तैयार हो जाता है, जिससे किसानों को जल्दी फसल मिलती है और लागत के मुकाबले बेहतर मुनाफा संभव होता है। कृषक राजू साहू ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के सामने स्थित अपने खेत में लगाया था। लगभग 1.55 एकड़ क्षेत्र में लगाई गई इस फसल ने कम समय में ही उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। वर्तमान में गन्ना खेतों में पूरी तरह तैयार खड़ा है। बताया जाता है कि नई गन्ना प्रजाति से बेहतर पैदावार और उचित मूल्य मिलने की उम्मीद से किसानों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है।

### किसानों के लिए नई वैरायटी गन्ना फायदेमंद



जिले के किसान अब पारंपरिक फसलों के साथ-साथ उन्नत किस्म के गन्ने की खेती की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। राम्हेपुर कला सहित आसपास क्षेत्र में ग्रामीण किसानों द्वारा उगाई गई गन्ने की यह नई वैरायटी जिले के किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी विकल्प बनकर सामने आई है और आने वाले समय में इसका रकबा और बढ़ने की पूरी संभावना है।



# विजय शर्मा केपीएल बना युवाओं की पहचान का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा विधानसभा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से पहली बार आयोजित विजय शर्मा केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस प्रतियोगिता ने क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान किया है। कवर्धा विधानसभा के 7 मंडलों से चयनित विजेता चार-चार टीमों सहित कुल 28 टीमें कवर्धा स्थित स्वामी करपात्री स्टेडियम में सेमीफाइनल एवं आगे के मुकाबलों में आमने-सामने खेल रही हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ खेल भावना भी विकसित हो रही है। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला 25 दिसंबर को खेला गया, जिसमें पहला मैच बदराडीह और सिंघनपूरी टीम के बीच होगा। वहीं दूसरा मुकाबला कवर्धा वार्ड क्रमांक 9 और नेवारी टीम के बीच खेला गया। साथ ही 26 दिसंबर को भी रोमांचक मुकाबले खेले जाने हैं। इस दिन पिपरिया बनाम सोहागपुर, छपरी बनाम जेवडन, कवर्धा वार्ड क्रमांक 8 बनाम घुघरीकला के बीच मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनको लेकर खेलप्रेमियों में खासा उत्साह है। साथ ही विजय शर्मा केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिल रहा है।

### दर्शकों ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

विजय शर्मा केपीएल में खिलाड़ियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। कवर्धा ग्रामीण मंडल के बदराडीह निवासी राम नारायण पटेल ने मात्र 20 गेंदों में 100 रन बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं भोरमदेव ग्रामीण मंडल के सेवाईकछार निवासी भीखम यादव ने केवल 30 गेंदों में 125 रन की विस्फोटक पारी खेलकर प्रतियोगिता को और भी खास बना दिया। केपीएल मैच के दौरान खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए शानदार चौकों और छक्कों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, जिससे पूरा स्टेडियम खेलमय वातावरण से गूंज उठा।

# भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भाजपा मंडल कुण्डा द्वारा मंडल क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में सुशासन दिवस के रूप में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बालमुकुंद चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुंडा के कुशल नेतृत्व में जन सेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र विधायक कार्यालय कुण्डा में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के निर्माता पद प्रदर्शक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन-नमन वंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल कुंडा अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन से हमें अनेक प्रेरणा मिलती है। हम सभी कार्यकर्ता बंधुओ को अटल बिहारी बाजपेयी के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। श्रद्धेय अटल बिहारी का जीवन राष्ट्र प्रथम और भारत माता की परम वैभव के लिए समर्पित रहा। श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में आज हम सब मना रहे हैं। निश्चित रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा भारतवर्ष विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ रहा है, छत्तीसगढ़ में विष्णु देव के सुशासन में छत्तीसगढ़ विकसित छत्तीसगढ़ की ओर अग्रसर हो रहा है, इस महा यज्ञ में हम सबको भागीदारी सुनिश्चित कर जन सेवा की ओर समर्पित भाव से हम सब अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए कार्य करते रहें। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, अमन खनूजा, परषोत्तम, पंचराम भास्कर, राम रोशन एवं भारतीय जनता पार्टी के गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में थें।

# विधायक ने रूसे में सामुदायिक भवन केंद्र के लिए दी 12 लाख की सौगात

## गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

बुधवार को समाज द्वारा ग्राम रूसे, प्रतापपुर, माकरी में बाबा गुरुघासीदास का जयंती बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई, छत्तीसगढ़ के पावन धरती में जन्मे दार्शनिक और समाज सुधारक गुरु घासीदास की जयंती हर वर्ष 18 दिसंबर को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है, इसी क्रम में ग्राम रूसे में भी गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती मनाई गई।



कार्यक्रम में समाज द्वारा विधायक श्रीमती भावना बोहरा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित की गई थी, कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। आयोजन स्थल पर सतनाम सत्य-समानता और मानवता के संदेशों से ओत-पोत माहौल देखने को मिला साथ ही साथ पंथी गीतों और संदेशों के माध्यम से संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के विचारों को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। पंथी-गीतों और करतबों से मुख्य अतिथि भावना बोहरा सहित उपस्थित जनसमुदाय का मगनमुग्ध किया।

वही विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा ग्राम रूसे में विकास कार्य हेतु 12 लाख रूपए की लागत राशि से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन साधना केंद्र हेतु कार्य स्थल का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होने उद्बोधन में कहा छत्तीसगढ़ के पावन धरती पर जन्मे महान संत दार्शनिक और समाज सुधारक गुरु घासीदास के द्वारा दिए गए अमर घोषणा मनखे-मनखे एक सामान केवल सतनामी समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिए सत्य अहिंसा और समानता के संदेश को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करती है और आज भी सामाजिक समरसता और मानव अधिकारों की सबसे सशक्त आवाज है श्रीमती बोहरा ने कहा कि अपने समय की सामाजिक आर्थिक विषमता शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव मानव एक समान का संदेश दिया, वही ग्राम माकरी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा दिनेश मिश्रा के घर में उनके परिवार से शिष्टाचार भेंट-मुलाकात की।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे, नंदनी साहू, प्रदीपपुरी गोस्वामी, गीताराम साहू, सुधाराम साहू, पारस सिंगरौल, मोहन, रवि साहू, दिनेश टंडन सहित सामाजिक बंधु व ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### मोहतरा कला में मनाया गया अटल बिहारी जयंती



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जयंती के शुभ अवसर पर बुथ क्रंमांक 216 में मोहतरा कला में अटल चौक का साफ-सफाई किया गया। जिसमे बुथ अध्यक्ष माखन चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, अर्जुन जांगड़े, लाल चौहान, विनोद यादव, तुलसी श्रीवास, तुलाराम चंद्रवंशी एवं सभी बुथ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा विधानसभा के सुंदूर वनांचल ग्राम कोरकट (समनापुर) में 22 से 24 दिसंबर तक अंतर जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ग्रामवासी, आसपास की ग्राम पंचायतों एवं कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी थें। उनके ग्राम आगमन पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में अंतर जिला स्तर सहित जिले की लगभग 60-70 टीमों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें पुरुष वर्ग प्रथम स्थान चतरी को 21,000 रूपए, द्वितीय स्थान समनापुर 10,000 व तृतीय स्थान सुतीया 7,000 तथा चतुर्थ स्थान बमनी 3,000 रूपए तथा महिला वर्ग प्रथम स्थान कामठी को 5,000 रूपए , द्वितीय स्थान बोड़ला 3,000 व तृतीय स्थान भिलाई 1,500 तथा चतुर्थ स्थान जगला को 1,000 रूपए के साथ ही साथ विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार एवं शील्ड मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने घोषणा की कि आगामी वर्ष आयोजित होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार की राशि वे स्वयं प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि वे खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। इस कार्यक्रम में कबड्डी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेंरावी, जनपद सदस्य नेकलाल मेंरावी, सरपंच दरिया लक्ष्मण नेताम, तुलसीराम धुर्वे, राजूसिंह टेकाम, पूर्व सरपंच छोटेलाल यादव, ग्राम पटेल पंकज नेताम, सिंगराम टेकाम सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

**कला, संस्कृति व कर्म की थीम पर छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुतियां**

# गुरुकुल में सीनियर विंग का वार्षिकोत्सव सृजन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरूकुल पब्लिक स्कूल में सीनियर विंग का 22 वां वार्षिकोत्सव सृजन हर्षोल्लास एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की संचालन समिति, पदाधिकारी, प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। वार्षिकोत्सव के मुख्य मंच पर कृति गुप्ता (कैप्टन, छत्तीसगढ़ सीनियर महिला क्रिकेट टीम), ईश्वरी साहू (अध्यक्ष, जिला पंचायत) तथा कैलाश चंद्रवंशी (उपाध्यक्ष, जिला पंचायत) मंचासीन थें, अतिथियों द्वारा सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। जिस पर प्राचार्य मनोज राय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, खेल एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय की निरंतर प्रगति की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि वार्षिकोत्सव सृजन के अंतर्गत कक्षा दूसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा कला, संस्कृति एवं कर्म की थीम पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिवाजी थीम, हॉरर कॉमेडी, दशावतार, नृसिंहावतार तथा चार युग जैसे कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा दूसरी की वर्ल्ड हंगर प्रस्तुति और कक्षा सातवीं की जय जवान—जय किसान नृत्य-नाटिका को विशेष सराहना मिली। बाहुबली और गणेश वंदना ने भी दर्शक दीर्घा में खूब तालियां बटोरीं।

विद्यालय प्रबंधन के चेयरमैन डायरेक्टर प्रिंस बोथरा द्वारा इस वार्षिक उत्सव के लिए विद्यालय स्टाफ को खुले मन से सहयोग और प्रोत्साहन दिया गया, जिसके चलते शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत कर उच्च स्तरीय प्रस्तुतियां दीं। इस सत्र में संपन्न विशेष गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं की जानकारी भी प्राचार्य द्वारा साझा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं आभार प्रदर्शन प्रशासक मनोज गोनाडे ने किया।

**खबर संक्षेप**

## कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत कृषि एवं पशु सखियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीईओ जिपं अजय त्रिपाठी ने राजपूत भवन में संचालित 5 दिवसीय कृषि एवं पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लॉक बोड़ला एवं पंडरिया की 40-40 कृषि एवं पशु सखियों के लिए आयोजित किया गया है। जिसमें उन्हें आजीविका संवर्धन, जैविक खेती एवं पशुपालन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारिया दी।

# भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर अटल परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता थे।

उनका छत्तीसगढ़ से विशेष लगाव रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के भौगोलिक क्षेत्र को एक नए राज्य का स्वरूप देकर प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया, जिसके लिए वे सदैव स्मरणीय रहेंगे उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अटल जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे एक महान राजनेता, कुशल प्रशासक, संवेदनशील कवि और दूरदर्शी नेता थे, जिनका योगदान देश और प्रदेश के विकास में अविस्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू एवं मोतीराम चंद्रवंशी, राजेंद्र चन्द्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सभापति रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पीयूष ठाकुर, सुरेश दुबे, विजय पटेल, मनीराम साहू, जसविंदर बग्गा, सनत साहू, सुनील दोषी, पन्ना चंद्रवंशी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, सानु साहू, राजा द्विवेदी, संजीव कुर्रे, अजय ठाकुर, बिहारी धुर्वे, दुर्गेश अवस्थी, केशरीचंद सोनी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यालय में लगी छाया चित्र प्रदर्शनी का उपमुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ





पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर कवर्धा के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में उनके जीवनवृतांतों पर आधारित छाया चित्र प्रदर्शनी का आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अटल के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने सिद्धांतों, संवेदनशीलता और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से देश को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सशक्त स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि यह छाया चित्र प्रदर्शनी न केवल अटल जी के राजनीतिक जीवन को दर्शाती है, बल्कि उनके मानवीय दृष्टिकोण और राष्ट्र के प्रति समर्पण को भी प्रभावी रूप से प्रस्तुत करती है। प्रदर्शनी में अटल जी के सार्वजनिक जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों, विकासोन्मुखी निर्णयों, कूटनीतिक उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी पहलों को चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। आगंतुकों ने प्रदर्शनी को अत्यंत प्रेरणादायी बताते हुए सराहना की।

**अनदेखी:** प्रशासनिक लापरवाही और घटिया गुणवत्ताविहीन निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई क्षेत्रवासियों की बहुउपयोगी चिल्फी-रेंगाखार सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिलफीघाटी/बोड़ला





चिल्फी-रेंगाखार सड़क का निर्माण वर्षों से क्षेत्र के लिए विकास का प्रतीक बनने के बजाय केवल चुनावी वादों और घोषणाओं तक सिमट कर रह गया है। हर चुनाव में जनप्रतिनिधियों द्वारा इस सड़क के शीघ्र निर्माण और सुधार के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी बदहाल ही बनी हुई है। मौजूदा समय में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर भी ग्रामीणों में भारी असंतोष है। लोगों का कहना है कि इस बार भी वही पुरानी कहानी दोहराई जा रही है, घटिया व गुणवत्ताविहीन कार्य, लापरवाही और सरकारी धन की बर्बादी। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के नाम पर कई स्थानों पर केवल गिट्टी बिछाकर खानापूर्ति की जा रही है। मानकों के विपरीत घटिया गुणवत्ता का डामर इस्तेमाल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, पुरानी और जर्जर सड़क को पूरी तरह उखाड़े बिना उसी के ऊपर डामर बिछा दिया गया है। नतीजा यह है कि नई बनी परत कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी है और जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही हाल रहा, तो आने वाल कुछ महीनों में सड़क फिर से पहले जैसी खस्ताहाल हो जाएगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह मार्ग आदिवासी और ग्रामीण इलाकों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। इसके बावजूद सड़क की दुर्दशा पर वर्षों तक किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीणों का आरोप है कि यह इलाका वन विभाग, लोक निर्माण विभाग और प्रशासन के बीच समन्वय की कमी का शिकार बन गया। सड़क निर्माण और सुधार के प्रस्ताव फाइलों में ही घूमते रहे। कभी वन विभाग की अनुमति का हवाला दिया गया, तो कभी न्यायालयी प्रक्रियाओं का। इन सबके बीच सबसे अधिक नुकसान आम जनता को उठाना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो समय पर तकनीकी सर्वे कराया गया और न ही निर्माण के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण पर ध्यान दिया गया। जिम्मेदार अधिकारी कभी-कभार निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता निभाकर चले गए। ठेकेदारों को खुली छूट मिलती रही, जिसका नतीजा आज सबके सामने है। खराब सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। बारिश के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क की बदहाली को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया, ताकि हर चुनाव में इसे मुद्दा बनाकर राजनीतिक लाभ लिया जा सके। चुनाव के समय नेता इस सड़क को प्राथमिकता में शामिल करने का वादा करते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही सब कुछ ठंडे बस्ते में चला जाता है। अब जब निर्माण कार्य शुरू हुआ है, तो उसमें भी गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है, जो सरकारी धन की खुली बर्बादी को दर्शाता है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि चिल्फी–रेंगाखार सड़क निर्माण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। डामर और गिट्टी की गुणवत्ता की लैब टेस्टिंग कराई जाए तथा वर्षों की प्रशासनिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई हो। लोगों का कहना है कि यदि अभी भी जिम्मेदारी तय नहीं की गई, तो यह सड़क आने वाले वर्षों में भी केवल वादों, घोषणाओं और चुनावी भाषणों की सड़क बनकर ही रह जाएगी।

### जिले में भ्रष्टाचार बेलगाम

इसमें कोई दो राह नहीं है कि भाजपा शासनकाल में जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में शासन द्वारा क्षेत्रवासियों की मांग और आवश्यकताओं के अनुरूप करोड़ों के विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर विभिन्न विभागीय कार्य ऐजेंसियों और उनके ठेकेदारों के माध्यम से इन कार्यो को कराया जा रहा है। लेकिन आम जनमानस का आरोप है कि शासन द्वारा स्वीकृत इन विकास एवं निर्माण कार्यो में संबंधित विभागीय कार्य ऐजेंसियों और उनके ठेके दारों द्वारा जमकर भ्रष्टाचार व अनियमितता बरती जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि शासनकीय निर्माण कार्यो में खुलेआम हो रहे इस तरह के भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की शिकवा शिकायत के बाद भी प्रशासनिक, विभागीय, शासकीय कार्यवाही शून्य है। जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बलुंद हैं। माना जा रहा है निश्चित रूप से इन तरह की अनदेखी से न तो शासन द्वारा आम जनो की मांग व सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत विकास एवं निर्माण कार्यो की सार्थकता सिद्ध हो पा रही है बल्कि इससे शासन की छवि भी धूमिल हो रही है।

# छत्तीसगढ़ में गार्ड ऑफ ऑनर की औपनिवेशिक परंपरा समाप्त



- उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल से ऐतिहासिक प्रशासनिक सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ राज्य में मंत्रीगणों एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सामान्य दौरे, निरीक्षण व भ्रमण के दौरान दिए जाने वाले गार्ड ऑफ ऑनर (सलामी गारद) की औपनिवेशिक परंपरा को समाप्त कर दिया गया है। गृह विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर गृह विभाग ने गार्ड ऑफ ऑनर की वर्तमान व्यवस्था की गहन समीक्षा के उपरांत नियमों में संशोधन किया है। इस निर्णय का उद्देश्य पुलिस बल को अनावश्यक औपचारिकताओं से मुक्त कर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और जनसेवा के मूल दायित्वों में अधिक प्रभावी ढंग से तैनात करना है। गौरतलब है कि गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्वयं अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि औपनिवेशिक सोच से जुड़ी परंपराओं की समीक्षा कर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक बदलाव किए जाएं। इसके परिपालन में गृह विभाग ने यह अहम निर्णय लिया है।

### सामान्य दौरों में सलामी गारद समाप्त

जारी आदेश के अनुसार अब राज्य के भीतर सामान्य आगमन-प्रस्थान, निरीक्षण एवं जिला भ्रमण के दौरान गृहमंत्री,समस्त मंत्रीगण, पुलिस महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सलामी गारद नहीं दी जाएगी। पूर्व में प्रचलित यह व्यवस्था अब पूर्णतः समाप्त कर दी गई है।

### राष्ट्रीय व राजकीय आयोजनों में व्यवस्था यथावत

यह निर्णय राष्ट्रीय एवं राजकीय समारोहों पर लागू नहीं होगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, शहीद पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर, राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर, राजकीय समारोहों एवं पुलिस दीक्षांत परेड जैसे अवसरों पर गार्ड ऑफ ऑनर की व्यवस्था पूर्ववत बनी रहेगी। इसी प्रकार आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संवैधानिक पदों पर आसीन महानुभावों एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए प्रोटोकॉल के तहत सलामी गारद की व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी।

# ग्राम पंचायत सूखाताल के सचिव को हटाने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखाताल के ग्रामीणों ने जिला पंचायत कवर्धा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपकर पंचायत सचिव को तत्काल हटाए जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पंचायत सचिव अशोक वर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि श्री वर्मा अपने मूल निवासी, ग्राम पंचायत सुखाताल जनपद पंचायत कवर्धा जिला कबीरधाम में सचिव पद पर 23 सितम्बर 2024 से अतिरिक्त प्रभार पदस्थ है। जिसके द्वारा मतदाता सूची के प्रथम प्रकाशन में ही लगभग 200 से 250 मतदाताओं को बिना सूचना दिए एक वार्ड से दूसरे वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे आगामी पंचायत चुनाव में गृह ग्राम सुखाताल में पदस्थ होने के कारण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रभावित किये जाने की पूर्ण आशंका है। ग्रामीणों ने इस स्थिति को लेकर हुए पंचायत सचिव श्री वर्मा ग्राम पंचायत सूखाताल से तत्काल हटाए जाने की मांग की है।

# छिरहा स्कूल के प्राचार्य डॉ. रमेश भारत भूषण नेशनल अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को प्रतिष्ठित भारत भूषण नेशनल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।

यह गौरवपूर्ण सम्मान उन्हें इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एम्बेसडर आर्गेनाइजेशन द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. चन्द्रवंशी को यह उच्च स्तरीय सम्मान शिक्षा के उन्नयन, सामाजिक सहयोग और शांति के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए दिया गया है।

गौरतलब है कि डॉ. चन्द्रवंशी की पहचान एक शिक्षाविद् के रूप में रहा है, उनका नाम पहले भी वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जा चुका है। इससे पूर्व भी उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरास्कर मिल चुका है। उनकी यह नई उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं और शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना है।

## बोड़ला में मुस्कान हॉकी कप का शुभारंभ...




**बोड़ला।** जिले के विकासखण्ड बोड़ला में गत 24 दिसम्बर को मुस्कान हॉकी कप का शुभारंभ किया गया। जनपद पंचायत बोड़ला एवं नगर पंचायत बोड़ला के संयुक्त तत्वाधान में ( मुस्कान हांकी कप) राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल उपस्थित थे। जिन्होने प्रतियोगिता में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ सहित दूसरे प्रदेशों के खिलाडियों से मेल मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया तथा शुभकामनाएं दी।

**31 दिसंबर तक छुटे पंजीयन करवाने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश**

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक ली। कलेक्टर वर्मा ने जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं समयबद्ध बनाने के लिए संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि टारगेट कि छुटे हुए सभी का जन्म मृत्यु पंजीयन अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि महारजिस्ट्रार भारत शासन द्वारा जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध पंजीयन कम हो रहा है। कलेक्टर ने कहा कि लोगों में जागरूकता लाने के लिए ग्राम एवं नगर स्तर पर मुनादी करायें। 01 जनवरी से नवंबर तक के छुटे हुये जन्म या मृत्यु पंजीयन को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण कराने के लिए संबंधित रजिस्ट्रारों द्वारा (ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत सचिव तथा नगरीय क्षेत्र में मुख्य नगरपालिका अधिकारी और संस्थागत पंजीयन में संस्था के प्रभारी अधिकारी) इस संबंध में कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक रजिस्ट्रार को आई.डी. एवं पासवर्ड जारी किया गया है। जिसके द्वारा ओ.टी.पी. के माध्यम से पंजीयन किया जाता है। जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए संचालित पोर्टल में आम नागरिकों की सुविधा के लिए ऐसे प्रकरणों की सूचना आनलाईन एन्ट्री करने की सुविधा दी जा रही है। निकट भविष्य में आनलाईन सूचना प्राप्त होने पर रजिस्ट्रार को पंजीयन कर ऑनलाईन ही आवेदक को सूचित करना होगा।

# झलमला में श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ग्राम पंचायत झलमला में परमपूज्य सतनाम पंथ प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने जयतखंभ में विधिवत झंडा चढ़ाकर बाबा गुरु घासीदास को नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश सतनाम, सत्य, अहिंसा और मानवता, आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने सभी से गुरु घासीदास के आदर्शों और संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद सदस्य पवन चंद्रवंशी, बीएस चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, डॉ अश्वनी शर्मा, डॉ शिव चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, हीरा चंद्रवंशी, लक्ष्मण नारंगे, भागवत नारंगे, मणिराम नारंगे, गंगाराम नारंगे सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।